

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष -41 ■ अंक-203 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केरल राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का किया अनावरण

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को केरल राजभवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि केआर नारायणन एक प्रख्यात राजनेता, राजनयिक और विद्वान थे। राजभवन में केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे विश्वास है कि उनकी स्मृति लोगों को समानता, अखंडता और सार्वजनिक सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी जिनके लिए वे सदैव प्रतिबद्ध रहे।''



उन्होंने कहा कि केआर नारायणन ने नैतिकता, अखंडता, करुणा और लोकतांत्रिक भावना की समृद्ध विरासत छोड़ी है। समर्पण और शिक्षा की शक्ति के माध्यम से वे हमारे राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हुए। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता इस बात का प्रतीक थी कि जब उद्देश्यपूर्ण मार्गदर्शन हो तो दृढ़ संकल्प और अवसर क्या हासिल कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि केआर नारायणन अपने गृह राज्य केरल से गहराई से जुड़े हुए थे। उन्होंने केरल की सामाजिक प्रगति और शिक्षा व समावेशिता पर जोर से प्रेरणा ली। सर्वोच्च पद पर पहुंचने के बाद भी वे अपनी जड़ों से जुड़े रहे। उन्होंने कहा, ''नारायणन ने जीवन भर मानव और राष्ट्रीय विकास में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। उनके लिए, शिक्षा सिर्फ कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सभी का अधिकार थी। नारायणन का मानना था कि मानवीय मूल्य किसी भी सभ्यता के विकास के लिए आवश्यक हैं और समाज के विकास के लिए मूलभूत हैं।'' राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब हम उन्हें याद करते हैं, तो हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित था व एक अधिक समावेशी, न्यायसंगत और करुणामय भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी स्मृति लोगों को समानता, ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा के उन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी, जिनके लिए वे खड़े थे। (इनपुट-एजेंसी)



## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से पंजाब सरकार के मंत्रियों ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर, 23 अक्टूबर.**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में पंजाब सरकार के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री हरदीप सिंह मुण्डियन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री श्री साय को 9वें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### पति-पत्नी की घर में मिली लाश

**सरगुजा,23 अक्टूबर।** दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हरता में एक घर में पति-पत्नी की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना पर पहुंची दरिमा पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और घटना की जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान रीमा और उनकी पत्नी उर्मिला के रूप में की गई है. दोनों के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे उनकी हत्या की आशंका जताई जा रही है. पुलिस ने घर को सील कर हत्या समेत सभी एंगल से मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं गांव में इस दोहरे हत्या कांड को लेकर दहशत और आक्रोश का माहौल है.

### मधुमक्खी के हमले से बचने तालाब में कूदे पिता-पुत्र, डूबने से हुई मौत

**जगदलपुर।** करपावंड थाना क्षेत्र के ग्राम चोकनार में पिता-पुत्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई. दोनों जंगल में शहद निकालने गए थे. इस दौरान मधुमक्खियों ने उनपर हमला कर दिया. मधुमक्खियों से बचने के लिए दोनों ने तालाब में छलांग लगा दी. तालाब में काफी देर तक डूबे रहने से उनकी मौत हो गई. काफी देर बाद भी उनके बाहर न निकलने पर ग्रामीणों ने तालाब में खोजबीन की और उनके शव को तालाब से बाहर निकाला. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

### पटना के लिए उड़े विमान में खराबी

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर।** दिल्ली से पटना के लिए उड़े विमान में तकनीकी खराबी की वजह से इसे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (IGI) पर दोबारा उतारा गया। आसमान में पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का अहसास हुआ जिसके बाद विमान को वापस दिल्ली में लैंड कराने का फैसला किया गया। यात्रियों और एयरपोर्ट प्रबंधन ने तब राहत की सांस ली जब विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, विमान संख्या SG 497 ने दिल्ली से सुबह 9.41 पर उड़ान भरी थी। टेकऑफ के कुछ देर बाद पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का अहसास हुआ। पायलट ने एटीसी को इसकी सूचना देते हुए बोइंग 737-8A विमान को दोबारा एयरपोर्ट पर उतारने की अनुमति मांगी। विमान को आनन-फानन में लैंड कराया गया। एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद विमान की गहनता से जांच की जा रही है। दो महीने पहले भी स्पाइसजेट के एक विमान को इसी तरह दिल्ली में दोबारा उतारा गया था।

## IPS सेक्स स्कैंडल: आईपीएस आनंद छाबड़ा और मिलना कुर्रे करेंगे पीड़िता के आरोपों की जांच

**रायपुर।** आईपीएस रतनलाल डांगी के खिलाफ सब इंस्पेक्टर की पत्नी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच शुरू हो गई है. 2001 बैच के आईपीएस डॉ. आनंद छाबड़ा के अलावा आईपीएस मिलना कुर्रे को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है. जांच रिपोर्ट मिलने के बाद विभाग आगे की कार्रवाई करेगा. बता दें कि एक सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी रतनलाल डांगी पर बीते सात सालों से उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कई आपत्तिजनक डिजिटल साक्ष्य के साथ उच्च पदस्थ अधिकारियों से शिकायत की है. इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. सूत्र बताते हैं कि पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि साल 2017 में वह रतनलाल डांगी के संपर्क में आई थी. तब डांगी कोरबा एसपी के पद पर तैनात थे. शुरू-शुरू में सोशल मीडिया पर बातचीत शुरू हुई थी. रतनलाल डांगी की दंतेवाड़ा पदस्थापना के दौरान पीड़िता वीडियो काल के ज़रिए उन्हें योगा सिखाया करती थी. दंतेवाड़ा के बाद रतनलाल डांगी का तबादला राजनांदगांव हो गया. तब भी वह संपर्क में बनी रही. पीड़िता ने यह आरोप लगाया है कि सरगुजा आईजी बनने के बाद रतनलाल डांगी ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया. बिलासपुर आईजी बनने के बाद यह सिलसिला लगातार बढ़ता चला गया. उच्च पदस्थ अफसरों से की गई शिकायत में पीड़िता ने यह आरोप लगाया है कि रतनलाल डांगी अपनी पत्नी की ग़ैर मौजूदगी में उसे बंगले पर बुलाते थे. आरोप है कि आईपीएस रतनलाल डांगी ने चंदखुरी प्रशिक्षण अकादमी में अपने तबादले के बाद भी वीडियो काल के ज़रिए उत्पीड़न जारी रखा. सुबह पांच बजे से लेकर रात दस बजे तक डांगी कई बार वीडियो काल पर बात करने का दबाव बनाते थे.

## ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण के लिए 15 नवंबर से लागू होंगी नई गाइडलाइन

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर।** केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) 2000 में संशोधन करते हुए इंटरमीडियरी गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड 2021 में बड़े बदलावों की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी नई अधिसूचना के तहत यह संशोधन 15 नवंबर 2025 से प्रभावी होगा। सरकार ने यह कदम देश की संप्रभुता, अखंडता, राज्य की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और शालीनता से जुड़ी ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण को ज्यादा सख्त करने के उद्देश्य से उठाया है। अधिसूचना के अनुसार, आईटी रूल्स 2021 के रूल 3(1)(डी) को पूरी तरह से बदल दिया गया है।



अब किसी भी इंटरमीडियरी प्लेटफॉर्म (जैसे सोशल मीडिया, वेबसाइट, ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर आदि) पर यदि ऐसी कोई जानकारी, फोटो, वीडियो या कंटेंट मौजूद है जो किसी भी कानून के तहत निषिद्ध है। नई गाइडलाइंस के मुताबिक, अगर किसी इंटरमीडियरी को ऐसी वास्तविक जानकारी मिलती है कि उसके प्लेटफॉर्म पर कोई गैरकानूनी या प्रतिबंधित कंटेंट है, तो उसे 36 घंटे के भीतर उसे हटाना होगा। यह 'वास्तविक जानकारी' दो ही स्थितियों में मानी जाएगी। पहला, किसी सक्षम न्यायालय के आदेश से और दूसरा सरकार या उसकी किसी अधिकृत एजेंसी के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जारी की गई लिखित सूचना के जरिए। यह सूचना केवल ऐसा अधिकारी दे सकेगा जो संयुक्त सचिव या उसके समकक्ष पद पर हो। अगर राज्य सरकार की ओर से जारी की जा रही है, तो वह अधिकारी डायरेक्टर या समकक्ष पद का होना चाहिए। अगर यह सूचना पुलिस प्रशासन की ओर से दी जा रही है, तो अधिकारी का पद उप पुलिस महानिरीक्षक से नीचे नहीं होना चाहिए और उसे राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए अधिकृत किया गया होना चाहिए। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी ऐसी लिखित सूचनाओं की हर महीने समीक्षा की जाएगी। यह समीक्षा संबंधित विभाग के सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी आदेश आवश्यक, संतुलित और कानून की भावना के अनुरूप हैं। किसी भी लिखित सूचना में यह विवरण साफ-साफ बताया जाएगा कि किस कानूनी आधार और अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है, किस प्रकार का अवैध कार्य हुआ है और किस यूआरएल या डिजिटल लिंक को हटाना या ब्लॉक करना है।

## सीसी मेंबर रामधेर ने 50 नक्सलियों के साथ किया सरेंडर !

**पखांजूर,23 अक्टूबर।** उत्तर बस्तर में सक्रिय सीसी मेंबर रामधेर के अपने 50 नक्सली साथियों के साथ महला कैंप में आत्मसमर्पण की खबर है. सभी नक्सलियों पर कुल मिलाकर 50 लाख रुपए का ईनाम बताया जा रहा है. पखांजूर से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर महला कैम्प में सुबह से हचलच मची हुई है. बड़े नक्सली नेता सोनू उर्फ भूपति के बाद रूपेश के आत्मसमर्पण के बाद अब तीसरी कड़ी में सीसी मेंबर रामधेर का नाम शामिल हो गया है. उसकी संगठन पर पकड़ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह अकेले नहीं बल्कि अपने 50 साथियों के साथ नक्सली विचारधारा को त्याग कर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण कर रहा है. इसके पहले 17 अक्टूबर को बस्तर पुलिस लाइन ग्राउंड में 210 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण किया था. इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों का फूलों और संविधान की पुस्तक के साथ स्वागत किया गया. मुख्यमंत्री सीएम साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और डिप्टी सीएम अरुण साव ने भी इसका हिस्सा बनकर नक्सलियों का स्वागत किया था. इस मौके पर वरिष्ठ माओवादी नेताओं सहित केंद्रीय समिति सदस्य रुपेश उर्फ सतीश, भास्कर उर्फ राजमन मंडावी, रनिता, राजू सलाम, धन्नू वेट्टी उर्फ संतू और क्षेत्रीय समिति सदस्य रतन एलम ने भी आत्मसमर्पण किया था. उन्होंने 153 हथियार भी सुरक्षा बलों को सौंपे थे, जिनमें 19 AK-47, 17 SLR, 23 INSAS, 1 INSAS LMG, 36 .303 राइफलें, 4 कार्बाइन और 11 बैरल ग्रेनेड लॉन्चर शामिल थे.

## इंदौर में 'अखंड ज्योति' से घर में लगी आग, शोरूम मालिक की मौत; पत्नी की हालत गंभीर

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में'अखंड ज्योति'से घर में ऐसी आग लगी कि शोरूम मालिक की दम घुटकर मौत हो गई, जबकि पत्नी की हालत गंभीर है। इंदौर में तीन मंजिला इमारत में आग लगने के बाद धुएं से कारोबारी का दम घुट गया। लसूड़िया थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह 5 बजे के आसपास यह घटना घटी। जिस वक्त आग लगी परिवार घर के अंदर सो रहा था। पुलिस निरीक्षक नीतू सिंह ने बताया कि इमारत के निचले तलों पर चारपहिया वाहन निर्माता कंपनी का शोरूम है, जबकि तीसरी मंजिल पर बने पेंटहाउस में शोरूम के मालिक प्रवेश अग्रवाल का परिवार रहता है। सिंह ने बताया,'शुरुआती तौर पर पता चला है कि अग्रवाल के घर में बने देवस्थान में अखंड ज्योति वाला दीपक जल रहा था। इस दीपक के कारण उनके घर में आग लगी। धीरे-धीरे पूरे घर में धुआं भर गया और इसमें रहने वाले लोगों का दम घुटने लगा।' पुलिस निरीक्षक ने बताया कि अग्निकांड के वक्त अग्रवाल, उनकी पत्नी और दो नाबालिग बेटियां घर में सो रही थीं। उन्होंने बताया, 'इस घटना में शोरूम मालिक प्रवेश अग्रवाल की मौत हो गई है। पहली नजर में लगता है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है। उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।' सिंह ने बताया, 'अग्रवाल की बड़ी बेटी एक निजी अस्पताल में भर्ती है और चिकित्सक उसकी हालत पर निगाह रख रहे हैं। उनके परिवार के बाकी दो सदस्य सुरक्षित हैं।' पुलिस निरीक्षक ने बताया कि अग्निकांड की विस्तृत जांच की जा रही है। अग्निशमन विभाग के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) सुशील कुमार दुबे ने बताया,'अग्निकांड की सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। घर में काफी धुआं भरने से प्रवेश अग्रवाल का दम घुट चुका था।

## ऑपरेशन सिंदूर के 'करारे प्रहार' से पाकिस्तान अब तक नहीं उबर पाया

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर।** सिंह ने एक पुस्तक के विमोचन समारोह में कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच असाधारण एकजुटता एवं एकीकरण नजर आया और बदलती वैश्विक व्यवस्था और युद्ध के विकसित होते तरीकों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित, अनुकूलनशील और स्थिति को पहले ही भांपकर रक्षा रणनीति तैयार करने के सरकार के संकल्प की पुष्टि की।'' रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में रक्षा का पारंपरिक दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं है क्योंकि युद्ध केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि वे अब 'हाइब्रिड' और विषम रूप ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ देश की रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने हेतु भविष्य के लिए तैयार सेना बनाने के मकसद से कई ''साहसिक और निर्णायक'' सुधार किए हैं। उन्होंने कहा, '' इन ऐतिहासिक कदमों में से एक कदम प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के पद का सृजन था, जो तीनों सेनाओं के बीच समन्वय और तालमेल को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हुआ।'' सिंह ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एकजुटता और एकीकरण का परिणाम पूरी दुनिया ने देखा। पाकिस्तान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा किए गए करारे प्रहार से अब भी उबर रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने घरेलू रक्षा उत्पादन में वृद्धि और भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए तेज़ी से एक विनिर्माण केंद्र बनने का भी ज़िक्र किया। "इस पुस्तक को पढ़ने से मुझे जो मुख्य सीख मिली, वह यह है कि नागरिक-सैन्य एकीकरण को केवल एकीकरण के रूप में नहीं, बल्कि एक रणनीतिक प्रवर्तक के रूप में देखा जाना चाहिए... यह प्रक्रिया अब भारत में तेज़ी से आगे बढ़ रही है... हमने रक्षा विनिर्माण और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा दिया है। रक्षा स्टार्टअप्स को बढ़ावा देते हुए, हमने शिक्षा जगत के साथ उद्योग जगत की साझेदारी भी बढ़ाई है। आज, हम तेज़ी से रक्षा क्षेत्र के लिए एक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहे हैं... घरेलू रक्षा उत्पादन अब कुल 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। इसमें से निजी क्षेत्र का योगदान लगभग 33,000 करोड़ रुपये है। सरकार ने इस पुस्तक में दिए गए कई सुझावों पर अमल शुरू कर दिया है..."

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मई में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ढाँचों को निशाना बनाया था। रक्षा मंत्री ने नागरिक-सैन्य एकीकरण के महत्व पर भी ज़ोर दिया और कहा कि इसे एक रणनीतिक प्रवर्तक के रूप में देखा जाना चाहिए जो नवाचार को बढ़ावा दे, प्रतिभा को संरक्षित करे और राष्ट्र को तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करे। उन्होंने कहा, "यह एकीकरण तभी संभव है जब हम अपने नागरिक उद्योग, निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत और रक्षा क्षेत्र को एक साझा राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए जोड़ें। इससे हमारी आर्थिक उत्पादकता और रणनीतिक बढ़त बढ़ती है।" सिंह ने कहा कि दुनिया "श्रम विभाजन" से आगे बढ़कर "उद्देश्य के एकीकरण" की ओर बढ़ रही है और अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ निभाने के बावजूद, एक साझा दृष्टिकोण के साथ काम करने की ज़रूरत है।

## बिहार के 4 खूंखार वांटेड अपराधी एनकाउंटर में ढेर

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बिहार पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में गुरुवार तड़के दिल्ली के रोहिणी में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बिहार के कुख्यात रंजन पाठक-मनीष पाठक गिरोह के चार मोस्ट वांटेड बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान ढेर कर दिया। यह मुठभेड़ रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर डॉ. अंबेडकर चौक और पंसाली चौक के बीच सुबह करीब 2:20 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले किसी बड़े आपराधिक हमले की योजना बना रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आरोपी कई दिनों से दिल्ली में छिपे हुए थे। उनकी तलाश में मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को संयुक्त टीम ने अभियान चलाया, जिसके दौरान ही यह मुठभेड़ हुई। पुलिस के अनुसार, मारे गए बदमाशों की पहचान बिहार निवासी रंजन पाठक, विमलेश महतो, मनीष पाठक और अमन ठाकुर के रूप में हुई है। ये सभी हत्या और जबरन वसूली सहित कई जघन्य आपराधिक मामलों में वांछित थे।

## तेजस्वी यादव बने सीएम फेस, मुकेश सहनी होंगे डिप्टी: गहलोत

**पटना,23 अक्टूबर।** बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव महागठबंधन की ओर से सीएम उम्मीदवार घोषित हो गए हैं। कांग्रेस के सीनियर नेता अशोक गहलोत ने पटना में हुई साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि हम लोकप्रिय एवं युवा नेता तेजस्वी यादव को सीएम फेस घोषित करते हैं। इसके अलावा पिछड़े समाज से आने वाले मुकेश सहनी जी को हम डिप्टी सीएम का चेहरा तय करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने पर कुछ और पिछड़े वर्ग के नेता डिप्टी सीएम बनेंगे। इस तरह महागठबंधन में चली आ रही लंबी खींचतान समाप्त करने की कोशिश हुई है। अशोक गहलोत ने यह बड़ा ऐलान करते हुए एनडीए से भी अहम सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि हमने तो अपने नेता तय कर दिया है। अब एनडीए भी बताए कि उनका नेता कौन है। उन्होंने कहा कि अमित शाह यह तो कह रहे हैं कि हमारा संसदीय दल तय करेगा कि सीएम कौन होगा। इसका मतलब कि संशय है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसा ही करती है। महाराष्ट्र में भी इन्होंने कहा था कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। इससे संदेश गया कि शिंदे ही सीएम होंगे, लेकिन चुनाव नतीजे आने के बाद भाजपा ने अपना सीएम बना लिया।



तेजस्वी यादव ने भी अपने संबोधन में कहा कि अब भाजपा वाले बताएं कि उनका सीएम फेस कौन है। उन्होंने कहा कि ये लोग नीतीश कुमार के साथ अन्याय कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में हालात ऐसे हैं कि पटना में बड़े-बड़े उद्योगपतियों को गोली मार दी जाती है। सीएम आवास के बाहर गोलियां चलती हैं और कुछ नहीं होता। सचिवालय के बाहर, मेरे घर के बाहर गोलियां चलीं और कोई पकड़ा नहीं गया। तेजस्वी यादव ने कहा कि इस सरकार के पास कोई विजन ही नहीं है। हम तो अपना विजन लगातार बता रहे हैं। इनकी ओर से तो कोई मेनिफेस्टो या एजेंडा तक जारी नहीं किया गया है।

**'240 पर लाकर छोड़ा था, अब बिहार की बारी है'**-अशोक गहलोत ने कहा कि हालात पूरे देश में गंभीर हैं। कोई भी आलोचना करता है तो जेल जाना पड़ता है, चाहे पत्रकार हो या फिर ऐक्टिविस्ट। हर कोई बदलाव चाहता है, हमें जनता की इस भावना को समझना होगा। मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने आकलन कराया, जिसमें यह निकला कि जनता बदलाव चाहती है। राहुल गांधी जी की यात्रा में बिहार में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। आज जो शक्तियां सत्ता में हैं, उनका लोकतंत्र में कोई यकीन नहीं है। उन्होंने सिर्फ डेमोक्रेसी का मुखौटा लगा रखा है। पिछले बिहार चुनाव में भी हमारा शानदार प्रदर्शन था। फिर लोकसभा चुनाव में हमने उन्हें 240 पर लाकर छोड़ दिया, जो 400 के नारे लगा रहे थे।

**पिछले चुनाव में ही हम जीत जाते, मामूली अंतर से खेल पलटा**-पिछले बिहार चुनाव में तो मामूली वोटों के अंतर से वे जीते थे। धन-बल की उनके पास कोई कमी नहीं है। वह चुनाव में हर तरीका अपनाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड को खारिज कर दिया, लेकिन उनके पास जो पैसा जमा है, उसका क्या होगा। उनके पास कई अलग-अलग मॉडल हैं। उनका एक मॉडल चुनाव जीतने का भी है कि झूठे आरोप लगाओ और झूठे वादे और दावे करो।

## एक नजर

### चोरी के आरोप में 2 गिरफ्तार

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के भाठा निवासी द्रोणाचार्य साहू के घर में हुई चोरी की घटना में नेवई पुलिस ने दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया है नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि आरोपितों के पास से चोरी किया गया टीवी, गैस सिलेंडर, दो कटर मशीन, चांदी की बिछिया, सिलाई मशीन और मिक्सर ग्राइंडर बरामद किया है। द्रोणाचार्य साहू ने नेवई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी एश्वर्या साहू के साथ घर में ताला लगाकर ग्राम कांदुल, जिला बालोद चले गए थे अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर सिलाई मशीन, टीवी, गैस सिलेंडर, लोहा काटने की मशीन, दो मिक्सी और चार बिछिया चुरा ली पूछताछ में दोनों ने चोरी स्वीकार की ।

### पटाखा फेंकने से झुलसा बालक

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के दुर्गापारा में सड़क पर खेल रहे बच्चे के ऊपर आरोपी व उसके साथियों ने पटाखा फेंका। इसके कारण देवांश साहू झुलस गया। रिपोर्ट पर छावनी पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है छावनी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी संतोष साहू दुर्गा पारा केम्प 02 कबीर कुटी बीएम शाह अस्पताल में काम करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 अक्टूबर को रात्रि करीब 9 बजे घर के सामने बच्चे खेल रहे थे इसमें संतोष साहू का बेटा देवांश साहू भी खेल रहा था।तभी विकास गुप्ता और उसके साथी गली तरफ से आये और संतोष साहू के घर के पास में पटाखा में आग लगा कर नीचे रख दिया उनमें से एक युवक पटाखा को उठा कर बेटा देवांश साहू के तरफ फेंक दिया ।

### पुलिस ने 34 लोगों पर कार्रवाई



**भिलाई, 23 अक्टूबर।** भिलाई दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने उपद्रव करने वाले 34 से ज्यादा असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की अब ऐसे आदतन बदमाशों के खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई में जुट गई है पुलिस ने बताया कि जिले भर थाना क्षेत्र में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया इस अभियान के तहत 552 गुंडा एवं निगरानी बदमाशो को चेक कर समझाईश की गई इसके अलावा विभिन्न थाना क्षेत्र में त्योहार में उपद्रव करने वालों की तलाश की गई। इसी तरह पूर्व में उपद्रव करने वालो को समझाइश दी गई। समझाने के बाद भी बात नहीं माने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल आशंका पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत थाना पुलगांव में 15 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जिसमें चौकी नगपुरा में 5 असामाजिक तत्व, चौकी जेवरा सिरसा में 04 और चौकी अंजोरा में 8 असमाजिक तत्वों को पुलिस ने पकड़ा इसी तरह छावनी और वैशाली नगर थाना पुलिस ने एक-एक असामाजिक तत्व को कोर्ट में पेश किया गया ।

### शिकायत पर आरक्षक सस्पेंड

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** दुर्ग के कारोबारी मयंक गोस्वामी ने रायपुर क्राइम ब्रांच पर गंभीर आरोप लगाते हुए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल से शिकायत की उन्हें सीसीटीवी फुटेज सौप कर कार्रवाई की मांग की। इधर एसएसपी ने फुटेज के साथ मामला रायपुर पुलिस को सौंप दिया। रायपुर एसएसपी लाल उमेन्द्र सिंह ने मामले में एक आरक्षक को सस्पेंड कर दिया पुलिस ने बताया कि दुर्ग के कारोबारी मंयक गोस्वामी का धमतरी में बाइक शोरुम है धनतेरस के दिन वह कार से घर आ रहा था रायपुर क्राइम ब्रांच के आरक्षक प्रशांत शुक्ला और धनंजयगिरी गोस्वामी सहित 6 पुलिसकर्मी पीछा करते हुए घर पहुंच गए उन्हें हवाला का पैसा होने की सूचना मिली थी उसे कार से नीचे उतार लिया और कार की चैकिंग की चैकिंग के बहाने कार में रखे 10 में से 2 लाख रुपए गायब कर दिए कारोबारी ने दावा किया कि यह रकम पुलिसकर्मियों ने निकाली है। उसके घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में पुलिसकर्मी कार की तलाशी लेते नजर आ रहे है रायपुर एसएसपी ने की कार्रवाई रायपुर एसएसपी ने मामले को संज्ञान में लिया आरक्षक प्रशांत शुक्ला को सस्पेंड कर दिया अन्य पुलिस कर्मियों की संलिप्तता की जांच की जा रही है इधर एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मामले में शिकायत मिली फुटेज के साथ मामला रायपुर एसएसपी को सौप दिया था रायपुर पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी ।

### कार्यपालक निदेशक पीके सरकार तथा भास्कर कमल ने संभाला पदभार

**भिलाईए 23 अक्टूबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड के भिलाई इस्पात संयंत्र में दो नवपदोन्नत कार्यपालक निदेशकों ने 22 अक्टूबर को अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं के रूप में पीण्केण् सरकार तथा कार्यपालक निदेशक खदान सीएमएलओ के रूप में भास्कर कमल ने भिलाई इस्पात संयंत्र में पदभार संभाला। मुख्य महाप्रबंधक चिंतला श्रीकांत ने भास्कर कमल का स्वागत किया। इसप्रकार,कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण करने पर पीण्केण् सरकार का स्वागत मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्यायए उमेश भारद्वाज तथा मानस कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक हरप्रीत सिंहए महाप्रबंधक ;सम्पर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी एवं राजीव कुमारए तथा सहायक महाप्रबंधक ओपी सागर भी उपस्थित थे।

# सांसद विजय बघेल ने निवास पर पत्नी के साथ की गौ माता की पूजा



**भिलाई, 23 अक्टूबर ।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने अपने निज निवास सेक्टर-5 में पारंपरिक विधि-विधान से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल भी उपस्थित रहीं। दोनों ने मिलकर गौ माता की पूजा-अर्चना कर खिचड़ी और अमृततुल्य दूध का भोग अर्पित किया।

पूजन कार्यक्रम के दौरान भगवानी यादव द्वारा पारंपरिक दोहे प्रस्तुत किए गए, जिससे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे और श्रद्धा भाव से पूजा में भाग लिया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा, गोवर्धन पूजा की परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है और यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ गौ माता के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि जब प्रभु श्रीराम 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटे थे, तब दीप जलाकर दीपावली मनाई गई थी। दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है, जिसमें अपने गांव उरला में ग्रामवासियों के साथ मातर पर्व मनाने के पश्चात वे निज निवास पर गौ पूजा करते हैं। इसके बाद भाई दूज का पर्व आता है, जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है।

इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से सांसद बघेल ने क्षेत्रवासियों को भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने और गौ माता की सेवा के महत्व को समझाने का संदेश दिया। और दिपावली धनतेरस गोवर्धन पूजा की बधाई शुभकामनाए दी ।

## सारथी ने एनसीक्यूसी में जीता गोल्ड अवार्ड



**भिलाई, 23 अक्टूबर ।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल की क्वालिटी सर्कल टीम सारथी ने तिरुपति में आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स में भाग लेकर गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया।साथ ही बेस्ट प्रेजेंटेशन एवं स्लोगन प्रतियोगिता में भी विजेता रही। मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने इस उपलब्धि पर कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता प्राप्त करना वास्तव में असाधारण उपलब्धि है। टीम सारथी ने बीआरएम की कार्यसंस्कृति, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया है। टीम सारथी का नेतृत्व उप प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने किया व टीम में श्री दीपेश कुमार चुघ (टीम लीडर), धनराज साहू (डिप्टी लीडर) तथा शुभम शिंदे, कुंते लाल एवं यशवंत कुमार सदस्य के रूप में शामिल थे। टीम के सदस्यों ने कहा कि योगेश शास्त्री के नेतृत्व एवं प्रेरणा ने उन्हें सदैव दिशा दी। साथ ही महाप्रबंधक एस. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक समीर पांडे एवं महाप्रबंधक सास्वत मोहंती के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने इस सफलता को संभव बनाया।

परीक्षण



### कैप्टिव नेटवर्क का सफल परीक्षण, किसी भी पीएसयू में पहली बार

**भिलाई, 23 अक्टूबर।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र ने कैप्टिव 5जी नेटवर्क का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण संयंत्र में औद्योगिक संचार, स्वचालन तथा उच्च गति डेटा ट्रांसमिशन की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम है। यह पहल भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के सहयोग से की गई।परियोजना की नींव 12 जुलाई 2024 को आईआईटी दिल्ली एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग की टीमों के बीच हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान रखी गई थी, जिसमें संयंत्र में 5जी नेटवर्क तकनीक के कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श हुआ।

## वेल्डिंग प्रतियोगिता में राजेश यादव व अरुण चौधरी विजेता रहे

भिलाई, 23 अक्टूबर । भिलाई इस्पात संयंत्र एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ वेल्डर्स के संयुक्त तत्वाधान में संयंत्र स्तरीय वेल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जहाँ उन्होंने विजेता संविदा कर्मियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता दो श्रेणियों जीएमएडब्ल्यू और एसएमएडब्ल्यू में आयोजित की गई थी, जिसमें क्रमशः राजेश यादव व अरुण कुमार चौधरी विजेता रहे। कार्यपालक निदेशक के राकेश कुमार ने विजेताओं को बधाई दी और मानव संसाधन में निवेश एवं कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम की




रूपरेखा मुख्य महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष, आई.आई.डब्ल्यू. प्रमोद कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एस.के. घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक हरीश सचदेव, महाप्रबंधक एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन-बीएसपी के अध्यक्ष एन.के. बन्छोर सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, संविदाकर्मी तथा आई.आई.डब्ल्यू., भिलाई शाखा के सदस्य उपस्थित रहे। संचालन महाप्रबंधक वीरेंद्र ओगले द्वारा तथा महाप्रबंधक एवं मानद सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# अवैध रूप से बोरी में पटाखा ले जाते हुए युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अक्टूबर।** भिलाई एक युवक ज्वलनशील पटाखों से भरी प्लास्टिक की बोरी लेकर भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर ट्रेन आने का इंतजार कर रहा था आरपीएफ की टीम की नजर पड़ते ही बोरी की तलाशी ली गई बोरी में पटाखे पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा फायर सेफ्टी ड्राइव अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भिलाई की टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है आरपीएफ भिलाई तीन टीआई मनीष कुमार ने बताया कि संचालित चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति को रेलवे स्टेशन परिसर भिलाई पावर हाउस में अवैध रूप से ज्वलनशील पटाखों का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया घटना के अनुसार प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 के मुख्य द्वार के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को एक प्लास्टिक की बोरी लिए हुए देखा गया तलाशी लेने पर बोरी में लगभग 15 प्रकार के विस्फोटक पटाखे पाए गए पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार कोहरे, पिता शेषराम कोहरे ( 32 साल ) निवासी वार्ड नं. 15, ग्राम साडर, थाना लांजी, जिला बालाघाट म.प्र. बताया उसने पटाखों के परिवहन हेतु कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया तथा अपनी गलती स्वीकार की प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 153 एवं 164 के तहत अपराध क्रमांक आरोपी को विधिवत गिरफ्तार।

## अतिशेष शिक्षकों के कार्यग्रहण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्यभर में विद्यालयों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। इस प्रक्रिया के तहत अतिशेष शिक्षकों का पदस्थापना काउंसिलिंग के माध्यम से जिला, संभाग एवं संचालनालय स्तर पर गठित समितियों द्वारा किया गया था।लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी पत्र में यह उल्लेख किया गया कि पदस्थापना आदेश जारी होने के उपरांत भी कुछ शिक्षकों द्वारा आज दिनांक तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।संभागीय संयुक्त संचालकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ऐसे शिक्षकों की सूची (गोशवारा सहित) शासन को प्रेषित की गई थी, ताकि उनके विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुमति प्राप्त की जा सके। इस पर विचारोपरांत शासन ने उक्त प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। अब ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि युक्तियुक्तकरण के पश्चात पदस्थापना आदेश के बावजूद कार्यभार ग्रहण न करना प्रशासनिक अनुशासन का उल्लंघन है।

# मामूली विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या



**भिलाई, 23 अक्टूबर।** भिलाई नंदनी थाना क्षेत्र के अरसनारा गांव में ( 20 साल ) युवक की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई इस वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है मृतक की पहचान अशोक कुमार निर्मलकर के रूप में हुई है बताया जा रहा है कि मामूली विवाद के चलते रात्रि में यह खूनी वारदात अंजाम दी गई नंदिनी पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात करीब 8.30 बजे की घटना है गौरा चौक के पास अशोक निर्मलकर और आरोपी एक साथ में खाए पिए है दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई है इसी दौरान आरोपी ने चाकू से हमला कर मौत के गाय उतार दिया। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी रातभर सघन तलाशी की गई। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। फिलहाल, आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है जब तक पुलिस को सूचना मिली आरोपी फरार हो गया गांव के लोगों के अनुसार गौरी गौरा पूजन के दिन दोनों खाए पिए है। इसी बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जो रात्रि में बढ़ते-बढ़ते जानलेवा झगड़े में बदल गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था दीपावली की रौनक के बीच हुई इस दर्दनाक हत्या ने दिवाली से अब तक हत्या चौथी वारदात यह घटना दीपावली पर्व के दौरान दुर्ग जिले में हुई चौथी हत्या है लगातार बढ़ती वारदातों से लोगों में भय और नाराजगी का माहौल है नागरिकों का कहना है कि त्योहार के समय पुलिस की गश्त और निगरानी कमजोर रही, जिसके चलते अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और मामले की पूरी जांच की जा रही है।

# खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग को हाथी ने कुचला, मौके पर हुई मौत



**बलौदाबाजार,23 अक्टूबर।** बारनवापारा वन क्षेत्र में हाथियों के दल का आतंक आम हो गया है. इस बीच, गांव हरदी में 68 वर्षीय बुजुर्ग कनकुराम खेत की रखवाली के दौरान हाथी के हमले का शिकार हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वन मंडल के अनुसार, क्षेत्र में 28 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिनमें से कुछ अपने समूह से बिछड़ जाते हैं और गुस्से में आकर हमला कर देते हैं.

**परिवार में मातम**-दीपावली के शुभ अवसर पर हुई यह घटना परिवार और गांव वालों के लिए सदमे का कारण बन गई. खुशियों का माहौल अचानक मातम में बदल गया।

**वन विभाग ने दी सहायता राशि**-घटना की सूचना मिलते ही बलौदा बाजार वन मंडल के अधिकारी ने तुरंत संज्ञान लिया. मृतक के परिवार को तत्काल 25 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई. इसके साथ ही वन विभाग ने घटना की विस्तृत जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया। वन विभाग ने यह भी बताया कि क्षेत्र में हाथियों के दल के विचरण को लेकर समय-समय पर मुनादी की जाती है, लेकिन इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चूक कहां हुई, इसकी जांच की जाएगी।

## गोवर्धन पूजा से लौट रहे संत समाज का पिकअप पलटा,6 लोग घायल

**सरगुजा,23 अक्टूबर।** गोवर्धन पूजा समारोह से लौट रहे संत समाज की पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें महिला और बच्चों समेत लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए है।दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। यह हादसा अंबिकापुर से मैनपाट जाने वाले मार्ग के घाट के पास हुआ है।

जानकारी के अनुसार, हादसे के समय पिकअप में संत समाज के कई सदस्य और उनके परिवार मौजूद थे। वाहन अनियंत्रित होकर पलटने से लगभग 6 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए पहुंचकर घायलों को वाहन से बाहर निकाला।वहीं हादसे की सूचना पर मार्ग से गुजर रहे सांसद चिंतामणि महाराज भी घटनास्थल पर पहुंचे। समय पर एंबुलेंस न पहुंचने के कारण उन्होंने अपनी गाड़ी और काफिले की अन्य वाहनों का उपयोग कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी घायलों का इलाज जारी है।

### दुर्ग जिले से 445 श्रद्धालु होंगे शामिल

**दुर्ग, 23 अक्टूबर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 05 नवम्बर से 11 नवम्बर 2025 तक द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर की यात्रा के लिए जिले से 445 वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष अथवा 60 वर्ष से ऊपर) को यात्रा में भेजे जाएंगे।कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने बताया कि जिले के 445 यात्री जिसमें 334 ग्रामीण व 111 शहरी क्षेत्र के यात्री एवं 11 अनुरक्षक को सम्मिलित करते हुए कुल 456 का कोटा निर्धारित है।

## समाचार संक्षेप

### महतारी वंदन योजना से बदली जिंदगी श्यामा बनी आत्मनिर्भरता की पहचान

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** सरकारी योजनाएं तभी असर दिखाती हैं, जब वे सीधे आमजन के जीवन में बदलाव लाएं। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना ऐसी ही तस्वीर लिख रही है। मुंगेली जिले के ग्राम किरना की श्यामा नेताम इसका उदाहरण है। कभी मजदूरी और सीमित खेती पर आश्रित यह परिवार आज आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से खड़ा है, वो भी एक छोटे से प्रयास और बड़ी सोच की वजह से।श्यामा को बकरी पालन का अनुभव तो था, मगर पूंजी की कमी बड़ी बाधा थी। इसी बीच महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने मिलने वाले 1,000 रुपए ने उनकी उम्मीद को नई दिशा दी। श्यामा ने राशि खर्च करने के बजाय उसे कुछ महीने तक बचाया और उसी से एक बकरी खरीदी। यहीं से शुरू हुआ बदलाव का सफर, रकम भले छोटी थी, लेकिन हौसला बड़ा।धीरे-धीरे बकरियों की संख्या बढ़ी और आज श्यामा परिवार की आय में 3000 रुपए प्रति माह जोड़ रही हैं। बच्चों की पढ़ाई हो या रोजमर्रा का खर्च, सब कुछ अब पहले से ज्यादा व्यवस्थित है। सबसे बड़ी बात श्यामा अब खुद को आश्रित नहीं, आत्मनिर्भर कहने लगी हैं। श्यामा नेताम कहती हैं कि 'योजना ने मुझे नया हौसला दिया। अब मैं अपने पैरों पर खड़ी हूँ। पहले घर चलाना मुश्किल था, लेकिन अब अपने दम पर परिवार संभाल पा रही हूँ। यह योजना सच में महिलाओं के लिए नई शुरुआत है। यह बदलाव यूं ही नहीं आया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना का मकसद महिलाओं को केवल सहारा नहीं, आर्थिक स्वतंत्रता देना है। इस योजना की बदौलत श्यामा जैसी हजारों महिलाएं अपनी पहचान और सम्मान की नई कहानी लिख रही हैं। गांव में आज श्यामा प्रेरणा बन चुकी हैं। उनकी मुस्कान बताती है कि छोटे अवसर भी बड़ा भविष्य बना सकते हैं, बस जरूरत है विश्वास, निरंतरता और सही दिशा की।

### अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों के लिए श्रेष्ठ योजना

**दुर्ग, 23 अक्टूबर ।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी अनुसूचित जाति एससी के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्कीम फॅार रेसिडेंशियल एजुकेशन फॅार स्टूडेंट्स इन हाई स्कूल इस इन टारगेट एरियाज योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन निर्धारित मानदंडों के आधार पर किया जाता है। जिसके अनुसार विद्यालय न्यूनतम पांच वर्षों से कार्यरत होना चाहिए। पिछले तीन वर्षों के दौरान विद्यालय में कक्षा 10वीं और 12वीं में कम से कम 75 उत्तीर्ण प्रतिशत तथा कक्षा 11वीं और 12वीं में अतिरिक्त कम से कम अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध होना चाहिए प्राप्त जानकारी के अनुसारए इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ;एनटीएद्ध द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा ;नेटद्ध के माध्यम से कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता हैए जो कक्षा 12वीं तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आबंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। मंत्रालय वित्तीय सहायता प्रदान करता हैए जिसके तहत वास्तविक या निर्धारित सीमाए जो भी कम होए के अनुसार शिक्षण और छात्रावास शुल्क सीधे स्कूलों को हस्तांतरित किया जाता है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 31 अक्टूबर को

**दुर्ग, 23 अक्टूबर ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 31 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में जय भोले फाईनेंशियन सर्विस दुर्ग के 20 पद इंशोरेंस एडवाईजर वन स्टाफिंस सॉल्यूशन प्राण्लिण् के 39 पद शिक्षकएएसोसिएटए सोशल मीडिया ऑपरेटरए टेलीकॉलरए वीडियो एडिटर एवं काउंसलर तथा सेफइंटेलिजेंट सर्विस प्राण्लिण् के 411 पद सिक्युरिटी गार्डए सिक्युरिटी सुपरवाईजरए फील्ड ऑफिसर मार्केटिंग मैनेजर एवं ट्रेनिंग ऑफिसर कुल 470 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। उक्त सभी पदों हेतु वेतन 7000 से 20000 रूपए तक है। तथा 8वी 10वीं 12वीं आईटीआईए बीई बीण्टेक एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है।

**एक नजर**

### महापौर और कलेक्टर ने नवागांव सेनिटेशन पार्क, सिंथेटिक ट्रैक निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव, 23 अक्टूबर।** महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने नवागांव सेनिटेशन पार्क, सिंथेटिक ट्रैक निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल, यातायात नगर में साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक तौर पर अभियान चलाकर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कार्य सतत जारी रखने तथा मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय जागरूकता एवं समाधान शिविर 24 को

**राजनांदगांव, 23 अक्टूबर।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफइंडिया के निर्देशानुसार 24 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गांधी सभागृह राजनांदगांव में सभी बैंकों एवं जीवन बीमा कंपनियों द्वारा विशेष अभियान आपकी पूंजी आपका अधिकार अंतर्गत निष्क्रिय खातों के सक्रियकरण एवं बिना दावा किये गए जमा राशि को वापस करने के लिए जिला स्तरीय जागरूकता एवं समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक ऑफइंडिया द्वारा 1 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक संचालित विशेष अभियान अंतर्गत किया जा रहा है। शिविर में भारत सरकार द्वारा संचालित जनधन खाता, जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना सहित अन्य बैंकिंग योजनाओं का पंजीकरण शिविर में किया जायेगा। शिविर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समन्वित जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा की दावा नहीं किये गए बीमा पालिसी की जानकारी भी शिविर में दी जायेगी। खातों की पुनः केवाईसी कार्य मौके पर पूर्ण किया जाएगा। शासकीय, अशासकीय, विभागीय, आम खाताधारक शिविर में शामिल होकर लाभ ले सकते है।

### रजत जयंती महोत्सवः जिला स्तरीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी आयोजित

**कोरबा 23 अक्टूबर।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय कोरबा में भव्य जिला स्तरीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन कृषि विभाग के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें जिलेभर से आए सैकड़ों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नाग सर सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कृषक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से रोशन हुआ दिनेश का घर

### सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से रोशन हुआ दिनेश का घर

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ग्रामीण अंचलों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिख रही है। सुकमा जिले के कुम्हाररास निवासी श्री दिनेश पाल ने इस योजना के अंतर्गत अपने घर में 3 किलोवाट क्षमता का सौर संयंत्र स्थापित किया है, जिसके परिणामस्वरूप उनके बिजली बिल में बेहद कमी आई है। पहले जहाँ उन्हें प्रतिमाह 1600-1700 रुपये का भुगतान करना पड़ता था, वहीं अब यह घटकर 400-500 रुपये रह गया है। श्री पाल बताते है कि योजना के तहत उन्हे सब्सिडी तथा बैंक ऋण का लाभ भी मिला है। उन्होंने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे आर्थिक रूप से लाभकारी तथा ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। घरो की छतो पर सोलर संयंत्र लगाने वाले हितग्राहियों को केन्द्रीय सब्सिडी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। नेट-मीटरिंग प्रणाली से जुड़े इन सौर संयंत्रों के माध्यम से उपभोक्ता आवश्यकता से अधिक बिजली ग्रिड को बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। सुकमा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने इसे पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। यह योजना अब ग्रामीण घरों में रोशनी, बचत और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनकर ऊर्जा क्रांति ला रही है।

# रजत जयंती महोत्सव के दौरान होगा 'सूर्यकिरण एरोबैटिक शो'

**5 नवम्बर को छग देखेगा भारतीय वायुसेना का शौर्य**



**रायपुर, 23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी नवा रायपुर का आसमान 5 नवम्बर को एक ऐतिहासिक दृश्य का साक्षी बनेगा। भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम (Suryakiran Aerobatic Team – SKAT) अपने रोमांचकारी करतबों से छत्तीसगढ़ और देशवासियों को गर्व, उत्साह और देशभक्ति की भावना से भर देगी। यह शो रजत जयंती समारोह का सबसे विशेष आकर्षण होगा।

**छत्तीसगढ़ के आकाश में गूंजेगा भारतीय शौर्यः** राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित यह एरोबैटिक शो छत्तीसगढ़ की प्रगति, उपलब्धियों और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा। नवा रायपुर के आसमान में जब सूर्यकिरण टीम उड़ान भरेगी, तब 'बॉम्ब बर्स्ट', 'हार्ट-इन-द-स्काई' और 'एरोहेड' जैसी प्रसिद्ध फॉर्मेशन्स पूरे दर्शक समुदाय को रोमांच और गर्व से भर देंगी। सूर्यकिरण टीम का यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। यह दिखाएगा कि अनुशासन, तकनीक और टीमवर्क से कैसे असंभव को संभव बनाया जा सकता है। राज्य शासन और भारतीय वायुसेना के संयुक्त प्रयास से आयोजन की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

**जनसहभागिता से सजेगा रजत जयंती का आकाशः** रायपुर और आसपास के जिलों से हजारों नागरिक, विद्यार्थी और परिवार इस एरोबैटिक शो को देखने नवा रायपुर पहुँचेंगे। यह छत्तीसगढ़ की जनसहभागिता और राष्ट्रीय गर्व का जीवंत उदाहरण बनेगा। 'सूर्यकिरण एरोबैटिक शो' केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि यह भारतीय वायुसेना के शौर्य, सटीकता और समर्पण का प्रतीक है।

**छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर गर्व की उड़ानः** 5 नवम्बर को नवा रायपुर का आसमान गर्व, रोमांच और देशभक्ति के रंगों से भर उठेगा। सूर्यकिरण टीम का यह ऐतिहासिक शो छत्तीसगढ़ की रजत जयंती को यादगार बना देगा और हर दर्शक के मन में भारत के वीर वायुसैनिकों के प्रति सम्मान और गर्व की भावना जगाएगा।

उल्लेखनीय है कि 1996 में गठित सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम भारतीय वायुसेना की सटीकता, साहस और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है। अपने गठन के बाद से इस टीम ने भारत की हवाई क्षमता और अनुशासन का भव्य प्रदर्शन देश-विदेश के अनेक मंचों पर किया है। सूर्यकिरण टीम एशिया की एकमात्र नौ विमान की एरोबैटिक डिस्प्ले टीम है, जो भारतीय वायुसेना की तकनीकी क्षमता, अनुशासन और समन्वय की मिसाल मानी जाती है। इनके विमानों की उड़ानें इतनी सटीक होती हैं कि कभी-कभी पंखों के बीच की दूरी पाँच मीटर से भी कम रह जाती है – यही वह कौशल है जो भारत को वैश्विक स्तर पर अलग पहचान देता है।

**स्वदेशी तकनीक से आत्मनिर्भर भारत की उड़ानः** टीम ने अपनी यात्रा की शुरुआत HJT-v{ Kiran Mk-II से की थी। वर्ष 2015 में इसने स्वदेशी तकनीक पर आधारित HAL Hawk Mk-vxw Advanced Jet Trainer के साथ नई उड़ान भरी। सूर्यकिरण टीम केवल हवाई करतबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा के लिए प्रेरित करती है।

**देश और दुनिया में 700 से अधिक प्रदर्शनः** अब तक सूर्यकिरण टीम ने भारत और विदेशों में 700 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ब्रिटेन और थाईलैंड जैसे देशों में इस टीम ने भारत का गौरव बढ़ाया है। टीम ने सिंगापुर एयर शो, दुबई एयर शो और रॉयल थाई एयर फोर्स की 88वीं वर्षगांठ पर भी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रदर्शनों ने भारत की तकनीकी क्षमता और रक्षा सहयोग की भावना को दुनिया के सामने रखा है।

**खेल और संस्कृति से जुड़ा गौरवपूर्ण अध्यायः** 2023 में सूर्यकिरण टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट विश्वकप के दौरान अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया था। इस अवसर ने खेल और सैन्य गौरव को एक साथ जोड़ने का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यह छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गौरव का अवसर है कि भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम हमारे रजत जयंती समारोह का हिस्सा बनेगी। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के इस ऐतिहासिक अवसर पर यह शो राज्य के विकास, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय गौरव की उड़ान का प्रतीक बनेगा। यह प्रदर्शन न केवल हमारे युवाओं में देशभक्ति और गर्व की भावना को प्रबल करेगा, बल्कि उन्हें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा भी देगा। मैं प्रदेशवासियों से आह्वान करता हूँ कि वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और हमारे वीर वायुसैनिकों के कौशल को सलाम करें।÷- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

### शहर के विकास में डीएमएफ की होगी बड़ी भागीदारी

# कोरबा में 399 कार्यों के लिये 157 करोड़ 69 लाख की मिली स्वीकृति

- नपानि क्षेत्र कोरबा में विभिन्न स्थानों में सामुदायिक भवन नाली, अहाता व अन्य कार्य होंगे
- 92 नवीन आंगनबाड़ी भवन, 40 नवीन प्राथमिक/माध्यमिक शाला भवन का होगा निर्माण
- शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े विकास कार्य के लिए राशि स्वीकृत




**कोरबा 23 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश और केबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री अजीत वसंत ने जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) से कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 399 विकास कार्यों के लिए 157 करोड़ 69 लाख 12 हजार 830 रुपये की स्वीकृति दी है। विगत 20 से 21 माह के बीच कलेक्टर एवं अध्यक्ष डीएमएफद्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के मांग के आधार पर तथा षासन की मंषानुसार बड़ी राशि की स्वीकृति प्रदान किये जाने से शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, शहरी सुविधाएं और जनसुविधाओं का व्यापक विकास सुनिश्चित होगा।

डीएमएफ से प्राप्त स्वीकृति में अनेक बड़े कार्य भी शामिल है। ध्यानचंद चैक से बजरंग चैक तक 2.84 कि.मी. दो लेन सीसी रोड निर्माण 29.42 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इस कार्य से मुख्य शहरी मार्गों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और वाहनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित होगा। इसी तरह शहर में यातायात और सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए सुनालिया ज्वेलर्स के पास रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) निर्माण एवं मुआवजा वितरण हेतु 18.82 करोड़, नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण (92 भवन) के लिए 12.01 करोड़, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए शासकीय स्कूलों में मानदेय शिक्षकों की भर्ती हेतु 10.34 करोड़, जी.एन.एम. स्कूल एवं हॉस्टल का शेष निर्माण कार्य हेतु 4.70 करोड़, शहरी स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में सुधार के लिए नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में ई-कार्ट गार्बेज रिक्शा प्रदाय कार्य हेतु 2.84 करोड़, शिक्षा क्षेत्र में अन्य कार्य 30 नवीन प्राथमिक शाला भवन हेतु 5.16 करोड़, 10 नवीन माध्यमिक शाला भवन 1.67 करोड़, 71 किचन शेड निर्माण, 18 स्कूलों में अहाता निर्माण, डाइट भवन कोरबा के 11 कार्य 1.18 करोड़, 12 महाविद्यालयों में अतिरिक्त भवन, हॉस्टल व सामग्री क्रय 6.26 करोड़, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोरबा में निर्माण कार्य 97.60 लाख की स्वीकृति शामिल है। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य हेतु बच्चों के टीकाकरण, क्षय रोग जांच, संसाधन भर्ती एवं स्वास्थ्य भवन उन्नयन 3.12 करोड़, विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती (3 कार्य) 6.27 करोड़, स्वास्थ्य कर्मियों के आवासीय भवन निर्माण 98.69 लाख, ट्रामा सेंटर में उन्नयन कार्य 54.59 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। शहरी और ग्रामीण अवसंरचना अंतर्गत सामुदायिक भवन, नाली, अहाता एवं अन्य कार्य (191 कार्य) 24.12 करोड़, पुलिस कार्यालय में जनरेटर स्थापना 61.84 लाख, कन्वेन्शनल हॉल में अहाता और हाई मास्ट लाइट 91.56 लाख, कृषि और पशु चिकित्सा कार्य, 174 कृषि पंपों का विद्युतिकरण हेतु 1.73 करोड़, पशु चिकित्सक भर्ती, मिट्टी परीक्षण, डेयरी कार्य 57.48 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि डीएमएफ फंड का उपयोग कोरबा विधानसभा क्षेत्र के संतुलित विकास और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जा रहा है। सभी 399 कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### चिचोला पुलिस ने की अवैध शराब ब्रिक्री व शराब पीने के लिए सुविधा मुहैया करने वालों पर कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 23 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग व श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर आगामी दीवाली के मद्देनजर अवैध शराब की बिक्री रोकने की मुहीम पर 22 अक्टूबर को पुलिस चौकी चिचोला के चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेश पटेल के नेतृत्व में पुलिस चौकी हमराह स्टाप के द्वारा मुखबीर से सूचना मिलने पर आरोपिया कविता साहू पति नंदकुमार साहू उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नं- 15 लालबहादूर नगर भाठापारा पुलिस चौकी चिचोला के कब्जे से एक सफेद नीला थैला में 20 पौवा गोवा स्पेशल विस्की शराब प्रत्येक में 180- 180 एम.एल. भरा कुल 3.600 ब्लक लीटर शराब बिक्री रकम 320रू किमती 2400 रू जुमला रकम 2720 रू जो अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु अवैध शराब बिक्री कर रह था को समक्ष गवाहन के बरामद कर जप्त कर आरोपिया का कृत्य धारा- 34(1) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपिया को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। एक अन्य कार्यवाही में म.प्र.आर. 846 चंद्रकली कंवर के हमराह स्टाप के द्वारा मुखबीर से एक व्यक्ति ढाबा के सामने में लोगों को शराब पिने हेतु सुविधा मुहैया करा रहा की सूचना पर जतीन ढाबा के सामने कोलिहापुरी में रेड कार्यवाही में आरोपी दिपेश वर्मा पिता गणेश राम वर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी नाथुनवागांव पुलिस चौकी तुमडीबोड थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के कब्जे से एक देशी प्लेन शोले पौवा में 100 एम.एल. शराब लगभग बची हुई ,10 नग पानी पाउच , 15 नग डिस्पोजल व 02 नग नमकीन पैकेट के साथ गिरफ्तार किया।

### अधीक्षकों की नवीन भर्ती उपरांत शिक्षकों को सौंपे गये अधीक्षकीय कार्य स्वमेव निरस्त हो जायेगा- सहायक आयुक्त आदिवासी विकास

**कोरबा 23 अक्टूबर।** कोरबा जिले में विभागीय 109 प्री-मैट्रिक, 15 पोस्ट मैट्रिक एवं 57 प्राथमिक स्तर व माध्यमिक स्तर के आश्रम कुल 181 संस्थायें संचालित है । जिसमें से अधीक्षक श्रेणी स के 73 पद एवं अधीक्षक श्रेणी द के 108 पद स्वीकृत है ।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि पूर्व में 50 पद एवं वर्ष 2025 में 51 अधीक्षकों की अधीक्षक श्रेणी स में कुल जिले के 101 अधीक्षक को श्रेणी स में पदोन्नत हुई है, किन्तु जिले में श्रेणी स के 73 पद स्वीकृत होने के कारण वर्तमान में 72 पद की पदस्थापना विभाग के द्वारा की गई है, शेष 01 पद की पदस्थापना राज्य स्तर काउंसलिंग के उपरांत की जायेगी, शेष बचे 13 अधीक्षको के द्वारा राज्य स्तर काउंसलिंग में भाग लेने का निर्णय लिया गया है । वर्तमान में राज्य स्तर काउंसलिंग अभी लंबित है । कुल 23 अधीक्षकों के द्वारा श्रेणी स के पदोन्नत को अस्वीकार किया गया है । उन्होंने बताया कि वर्तमान में अधीक्षक श्रेणी स के 85 एवं अधीक्षक श्रेणी द के 36 अधीक्षक कुल 121 अधीक्षक कार्यरत है । जिसमें से 13 अधीक्षक राज्य स्तर काउंसलिंग में पदस्थापना हेतु भाग लेंगे । शिक्षक संवर्ग के 27 कर्मचारी अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में कार्यरत है । पूर्व में कार्यरत 23 शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को अधीक्षकीय कार्य से उनके मूल संस्था हेतु भार मुक्त किया जा चुका है । वर्तमान में इस विभाग अंतर्गत अधीक्षक श्रेणी द के 72 पद रिक्त है । अधीक्षकों की नवीन भर्ती उपरांत शिक्षकों को सौंपे गये अधीक्षकीय कार्य स्वमेव निरस्त हो जायेगा।

## महापौर संजू देवी ने डेंगूरनाला छठ घाट का किया निरीक्षण,दिए सफाई के निर्देश

**कोरबा 23 अक्टूबर।** पूर्वांचल समाज का सबसे बड़ा पर्व छठ पूजा इस वर्ष 25 से 28 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसको लेकर देशभर में तैयारियां जोरों पर हैं। कोरबा नगर निगम भी छठ पर्व की तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने डेंगूरनाला छठ घाट का निरीक्षण किया और वहां की साफ-सफाई और सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने घाट की सफाई, रोशनी की उचित व्यवस्था और महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को कहा। महापौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा कुल 23 छठ घाटों पर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।



उन्होंने कहा कि छठ पूजा पूर्वांचल समाज का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम सभी जरूरी इंतजाम कर रहा है। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद चंद्रलोक सिंह भी उपस्थित रहे, जो हर साल छठ पूजा की तैयारियों में सक्रिय रहते हैं। सफाई अधिकारी श्री संजय तिवारी ने बताया कि निगम की टीमें हर छठ घाट का निरीक्षण कर रही हैं और साफ-सफाई के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पार्षद चंद्रलोक सिंह, सफाई अधिकारी श्री संजय तिवारी, श्री भूषण उरांव समेत निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### स्नेह का बंधन जिसमें कोई धागा नहीं होता फिर भी हम बंधा महसूस करते हैं : मुनि वीरभद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 अक्टूबर।** विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि स्नेह का बंधन ऐसा होता है जिसमें कोई धागा नहीं होता फिर भी व्यक्ति अपने आपको बंधा हुआ महसूस करता है, कोई पिंजरा नहीं होता, कोई सलाखें नहीं होती फिर भी व्यक्ति अपने आपको बंधा महसूस करता है। वह इस स्नेह बंधन से निकल नहीं पाता।



जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि एक पक्षीय राग करने से व्यक्ति को दुखी होना पड़ता है। हम छोटी-छोटी मान्यताओं का राग लेकर बैठ गए हैं। एक निश्चित समय तक यह राग रहेगा, उस वस्तु के प्रति हमारा आलंबन रहेगा फिर यह राग/आलंबन हट जाएगा। उन्होंने कहा कि आप कभी चिंता करके देखें कि आप कितने वितरागी हो। कभी चिंता करें कि मैं कितना वितरागी हुआ। वितरागिता के प्रति कितना आगे बढ़ा। वितरागिता बढ़ने पर कोमल बिस्तर भी कांटों भरे लगने लगतें हैं, लजीज खाना भी नहीं भाता। मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि भगवान के प्रति निःशर्त समर्पण भाव होने से अनंत उपलब्धि प्रकट हो जाती है। उन्होंने कहा कि हम भंगार को भी त्याग नहीं पाते !हम राग में इतने जकड़े हुए हैं कि हम किसी भी चीज का त्याग इतनी आसानी से नहीं कर पाते तो हम शासन के प्रति उदारता कैसे दिखा पायेंगे। उन्होंने कहा कि अपने भीतर वितरागिता को बढ़ाना होगा तभी हम आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ पाएंगे, नहीं तो राग के बंधन में ही बंधे रह जायेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

**टीपी नगर कोरबा स्थित सतनाम परिसर में 64 लाख की लागत से बनने वाले**

## विशाल डोम का भूमिपूजन मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया

**कोरबा 23 अक्टूबर।** टी.पी.नगर कोरबा स्थित सतनाम प्रांगण में विधायकनिधि से 64 लाख रूपये की लागत से भव्य व विशाल डोम का निर्माण कराया जाएगा, मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने उक्त महत्वपूर्ण डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर बाबा गुरूघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना भी की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उद्योग मंत्री व कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन की विधायकनिधि द्वारा स्वीकृत व 64 लाख रूपये की लागत से टी.पी.नगर स्थित सतनाम प्रांगण में भव्य व विशाल डोम का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, मंगलवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस मौके पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास सहित निगम के पार्षदगण व काफी संख्या में समाज के नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधिगण व आमनागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व समाज के वरिष्ठजनों से चर्चा के दौरान मैंने वादा किया था कि विधायक निधि से सतनाम प्रांगण में भव्य डोम का निर्माण कराया जाएगा, बाबा गुरूघासीदास के आशीर्वाद से आज यहॉ पर उक्त डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न किया गया है।



उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि बाबा गुरूघासीदास जी हम सबको शक्ति प्रदान करें कि उनके आशीर्वाद से हम आमजन मानस के हित में लगातार कार्य करें, कोरबा जिला व छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बाबा गुरूघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना भी की तथा नगर के अमनचैन व आमजनता की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कोरबा सतनामी कल्याण समिति का शपथ ग्रहण भी सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, एम.आई.सी.सदस्य धनकुमारी गर्ग, पार्षद प्रेमलता बंजारे, सरोज महिलांगे, सुशील गर्ग, के.के. लहरे, आर.के.खाण्डे, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, दर्री मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, नारायण लाल कुर्रे, यू.आर. महिलांगे, मीना लहरे, सुक्कुत कुर्रे, पुष्पा आदिले, एस.डी.दीवान, अंकित पाटले, सरजू अजय, रमाशंकर साहू, विजय गुप्ता, सुनीता पाटले, बरखा कुर्रे आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।=

### नगर पालिका की सामान्य सभा में हंगामा, भाजपा ने किया बहिष्कार, धरने पर बैठे पार्षद

**कोरबा 23 अक्टूबर।** नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक बुधवार को हंगामे और विरोध के बीच संपन्न हुई। बैठक में भाजपा मंडल के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों और पदाधिकारियों ने नगर पालिका सीएमओ और अध्यक्ष के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया और बैठक का बहिष्कार कर दिया।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर विकास से जुड़ी चर्चा में पारदर्शिता नहीं रखी जा रही है। उन्होंने मांग की कि नगर के सभी जनप्रतिनिधियों विशेष रूप से भाजपा पार्षदों को दर्शक दीर्घा में बैठाने की व्यवस्था की जाए, ताकि वे चर्चा को सुन और समझ सकें। मौके पर बढ़ते तनाव को देखते हुए कटघोरा पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और माहौल शांत कराया गया। इस पूरे विवाद पर नगर पालिका के सीएमओ का कहना है कि अधिनियम के अनुसार निर्णय लेने का अधिकार नगर पालिका परिषद के सदस्यों का है, न कि सीएमओ का। भाजपा ने चेतावनी दी है कि अगर पारदर्शिता और जनप्रतिनिधियों के सम्मान को लेकर सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## गठबंधन है तो उसका धर्म निभाना पड़ता है

संपादकीय

राजनीति में कई बार किसी राज्य में कई राजनीतिक दल होने के कारण जब कोई भी दल इतना मजबूत नहीं होता है कि वह अकेले दम पर सरकार बना सके। जनता उस पर भरोसा कर उसे बहुमत दे तो उस राज्य के सभी राजनीतिक दलों को गठबंधन की राजनीति स्वीकार करनी पड़ती है। जब सारे राजनीतिक दल गठबंधन के लिए तैयार रहते हैं तो उनको गठबंधन धर्म भी निभाना आना चाहिए। बिहार विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के दो गठबंधन हैं, एक है भाजपा जदयू सहित पांच दलों के एनडीए गठबंधन और दूसरा है राजद,कांग्रेस सहित कई दलों वाला महागठबंधन। दोनों गठबंधन के सारे नेता जानते हैं कि मुकाबला इन्हीं दो गठबंधनों के बीच होना है। इसके लिए एनडीए गठबंधन ने तो चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के कुछ दिन के भीतर ही कौन दल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा इसका फैसला कर लिया। इसलिए इधर के राजनीतिक दलों व उनके प्रत्याशियों को कोई खास परेशानी नहीं हुई। जिनको प्रत्याशी नहीं बनाया गया उन्होंने नाराजगी जरूर जाहिर की, कुछ बागी भी हुए लेकिन उनको मनाने की कोशिश की जा रही है। एनडीए के प्रत्याशियों ने प्रचार ने नामांकन के बाद प्रचार भी शुरू कर दिया है। वही महागठबंधन में नामांकन की तारीख के एक दिन पहले तक सभी सीटो का कोई फैसला न हो सका इसलिए गठबंधन के जितने दल थे,सभी ने अपनी तरफ से कई सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए। इससे कई सीटों पर गठबंधन के ही दो से तीन प्रत्याशी हो गए। गठबंधन में होने के बाद भी राजनीतिक दलों ने गठबंधन धर्म निभाने की जगह खुद ज्यादा से ज्यादा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की कोशिश की। झामुमो इससे इतना नाराज हुआ कि उसने गठबंधन को ही छोड़ दिया। कई सीटों पर गठबंधन के ही कई प्रत्याशी होने के कारण अब गठबंधन का मजाक बनने लगा, लोग कहने लगे कि जो गठबंधन एकजुट होकर प्रत्याशी तक तय नहीं कर सकता वह चुनाव कैसे जीत सकता है, एकजुट होकर सरकार कैसे चला सकता है। अब नामांकन भरे जाने के बाद गठबंधन के राजनीतिक दल जितना नुकसान हो चुका है, उसको ठीक करने का प्रयास में जुट गए हैं। गठबंधन के बड़े नेता कह जरूर रहे हैं कि सीटों को लेकर कोई विवाद नहीं है। सब ठीक है, सब ठीक कर लिया जाएगा लेकिन महागठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं है तो इसकी एक वजह यह मानी जा रही है कि चुनाव के ठीक पहले लालू यादव के परिवार को कोर्ट का समन मिलने से, उन पर भ्रष्टाचार के आरोप तय हो जाने का महागठबंधन पर बुरा असर पड़ा। महागठबंधन के दलों के नेताओं ने समझा कि इससे लालू व तेजस्वी का दबदला कम होगा, तेजस्वी को सीएम का चेहरा बनाने की मजबूरी नहीं होगी। लालू व तेजस्वी से वह ज्यादा सीटों की मांग कर सकते हैं और राजनीतिक रूप से कमजोर होने के कारण लालू परिवार को उनकी बात माननी होगी। जब तक कोर्ट का समन नहीं आया था माना जा रहा था कि लालू परिवार जिसको जितनी सीटें देगा उसको उतनी ही सीटों पर चुनाव लडऩा होगा। यानी कोई ज्यादा सीटों की मांग करे भी तो उसे ज्यादा सीटें नहीं दी जाएंगी। ज्यादा सीटों पर लालू परिवार ही लड़ेगा क्योंकि सीएम तो तेजस्वी ही बनेंगे। यह लालू परिवार का गणित था लेकिन कोर्ट के समन के कारण लालू परिवार का पूरा गणित ही गड़बड़ा गया और सारे दलों ने इस मौका समझ कर जिसका जहां जी चाहा वहां प्रत्याशी खड़े कर दिए। अब जब इसका नुकसान महागठबंधन को हो रहा है तो वह डैमेज कंट्रोल करने का प्रयास कर रहा है। लालू परिवार इसके लिए कांग्रेस को दोषी मान रहा है क्योंकि बिहार के कांग्रेस नेताओं के कारण ही महागठबंधन का गणित गड़बड़ा गया है। उनको कंट्रोल में रखने का काम राहुल गांधी का था लेकिन राहुल गांधी ठीक समय पर विदेश चले गए, आए भी तो बिहार में टिकटों के सही बंटवारे के लिए कुछ किया नहीं। राहुल गांधी से लालू परिवार को जैसे सहयोग की उम्मीद थी उन्होंने वैसा सहयोग नहीं किया बल्कि अपने बिहार कांग्रेस अध्यक्ष के जरिए लालू परिवार के गणित को बिगाडऩे का काम किया यानी ऐसा सब कुछ किया जिससे तेजस्वी सीएम का चेहरा न बन सके। अब कांग्रेस व लालू परिवार जितना नुकसान हो चुका है, उसे स्वीकार रहे हैं और आगे नुकसान न हो इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत लालू परिवार से मिलकर बिगड़े गणित को ठीक करने का प्रयास किया है, रिजल्ट बताएगा कि दोनो दल कितना सफल हुए।

# राहुल गांधी बनाम मोदी की सीधी लड़ाई में ही इंडिया गठबंधन को फायदा मिलेगा: पप्पू यादव

राजनीति

अजय कुमार



बिहार की राजनीति इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियाँ तेज हैं और माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुका है। ऐसे वक्त में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद और जन अधिकार पार्टी के प्रमुख पप्पू यादव का बयान एक नई बहस को जन्म दे गया है। उन्होंने साफ-साफ शब्दों में कहा है कि अगर विपक्षी इंडिया गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुकाबले राहुल गांधी को चेहरा बनाकर चुनावी मैदान में उतरता है, तभी जाकर असली मुकाबला संभव है और जनता को यह भरोसा मिलेगा कि विपक्ष उनके लिए एक मजबूत विकल्प है। पप्पू यादव ने इसे केवल रणनीतिक बयान नहीं, बल्कि जनता की नब्ज के अनुरूप एक ज़रूरी फैसला बताया। उन्होंने कहा कि इस बार की लड़ाई सिर्फ सीटों की नहीं है, यह विचारधारा, नेतृत्व और देश की दिशा की लड़ाई है। उनका कहना है कि यदि यह लड़ाई मोदी बनाम राहुल के रूप में तय होती है, तो इससे गठबंधन को न सिर्फ स्पष्ट पहचान मिलेगी, बल्कि वोटरों का विश्वास भी हासिल होगा। उनका यह भी मानना है कि राहुल गांधी अब एक ऐसे नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने देश की आम जनता, गरीब तबके, पिछड़े वर्गों और युवाओं से संवाद स्थापित किया है। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से उन्होंने जो विश्वास अर्जित किया है, वह अब एक राजनीतिक पूंजी बन चुका है, और इसका इस्तेमाल चुनावी रणनीति में होना चाहिए। पप्पू यादव ने मौजूदा गठबंधन में चल रही खींचतान को लेकर भी तीखा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि सीटों को लेकर जो सौदेबाज़ी चल रही है, वह जनता की नज़र में बिल्कुल गलत संदेश दे रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब कोई सीट कांग्रेस की है, तो वहां आरजेडी कैसे दावेदारी कर सकती है? उन्होंने इसे राजनीतिक लालच करार देते हुए कहा कि ऐसी "मैत्रीपूर्ण लड़ाई" से जनता भ्रमित होती है और गठबंधन की साख पर सवाल उठते हैं। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार की जनता अब परिपक्व हो चुकी है। वह अब जातीय समीकरणों और खाली वादों के जाल में नहीं फँसती। जनता साफ देख रही है कि कौन दल अपने निजी स्वार्थ के लिए लड़ रहा है और कौन वाकई बदलाव लाना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक गठबंधन के भीतर पारदर्शिता और सामूहिक निर्णय की भावना नहीं आएगी, तब तक जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। उन्होंने कहा कि गठबंधन में शामिल कुछ ताकतें अगर राहुल गांधी के चेहरे से डरती हैं या उन्हें आगे नहीं आने देना चाहतीं, तो वे न सिर्फ पार्टी बल्कि लोकतंत्र के खिलाफ भी काम कर रही हैं। पप्पू यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री पद को लेकर पहले से चर्चा करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का चेहरा तय करने की कोई ज़रूरत नहीं है। बल्कि, इस समय सबसे ज़रूरी यह है कि गठबंधन पूरी ताकत के साथ एकजुट होकर बीजेपी के खिलाफ खड़ा हो और जनता के सामने एक वैकल्पिक राष्ट्रीय नेतृत्व पेश करे। उन्होंने कहा कि अगर हम पहले से सीएम के लिए झगड़ते रहेंगे, तो जनता को लगेगा कि हमें देश या राज्य की चिंता नहीं, केवल कुर्सी की चिंता है। इसीलिए मैं बार-बार कह रहा हूँ कि राहुल गांधी को राष्ट्रीय नेता के तौर पर प्रोजेक्ट करो, चुनाव जीतने दो, फिर मुख्यमंत्री किसे बनाना है, वह बात बाद में तय की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी गठबंधन के निर्णयों का सम्मान करेगी लेकिन यदि कांग्रेस को वह सम्मानजनक स्थान नहीं मिला जिसकी वह हकदार है, तो उनकी पार्टी कई सीटों पर चुनाव लड़ने से पीछे हट सकती है ताकि बीजेपी को हराने के लिए रास्ता साफ किया जा सके। उन्होंने अपने बयान में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 तारीख से अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है और अब बीजेपी की पूरी चुनावी मशीनरी एक्टिव हो चुकी है। ऐसे में अगर विपक्ष ने अपने नेता और एजेंडे को लेकर देर की या अस्पष्टता दिखाई, तो बीजेपी को सीधा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अभी से प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित करने से विपक्ष को एक स्पष्ट दिशा मिलेगी, और जनता को यह महसूस होगा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ नाम का गठबंधन नहीं, बल्कि एक मजबूत और संगठित विकल्प है। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी का चेहरा सामने आने से दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, युवा और महिलाएं सभी वर्ग एकजुट होकर वोट करेंगे। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी के विचार, उनकी साफ छवि और संविधान की रक्षा के लिए उठाई जा रही उनकी आवाज़ अब एक जन आंदोलन बन चुकी है, जिसे राजनीतिक रूप से भी भुनाया जाना चाहिए। गठबंधन में शामिल अन्य दलों को लेकर उन्होंने संयमित शब्दों में कहा कि सभी को अपनी-अपनी सीमाओं और जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई अकेले किसी पार्टी या नेता की नहीं है, बल्कि पूरे देश की आत्मा की लड़ाई है। इस लड़ाई में अगर निजी महत्वाकांक्षाएं और अहंकार आड़े आएंगे, तो जनता माफ नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह 1990 का दौर नहीं है कि नेता जो कहें, वही सच मान लिया जाए। आज का मतदाता जागरूक है, सोच-समझकर वोट करता है, और उसे किसी भी गठबंधन की नीयत और नीति दोनों साफ चाहिए। अगर हम एक स्पष्ट नेतृत्व नहीं दे सके, तो यह अवसर हमारे हाथ से निकल जाएगा। पप्पू यादव का यह बयान महज एक राजनीतिक मांग नहीं है, बल्कि यह उस बेचैनी की अभिव्यक्ति है जो आज आम जनता और विपक्ष के समर्थकों के बीच मौजूद है। लोग बदलाव तो चाहते हैं, लेकिन उन्हें यह भरोसा भी चाहिए कि जो लोग बदलाव की बात कर रहे हैं, वे आपस में लड़ नहीं रहे, बल्कि एक साझा लक्ष्य के लिए एकजुट हैं। उन्होंने साफ कहा कि राहुल गांधी को चेहरा बनाकर ही विपक्ष बीजेपी के उस नैरेटिव को चुनौती दे सकता है, जिसमें मोदी की छवि एकमात्र नेता के रूप में गढ़ी गई है। अगर विपक्ष बिखरा रहेगा या चेहरा अस्पष्ट रखेगा, तो जनता फिर से उसी दिशा में चली जाएगी, जिससे वह पीछा छुड़ाना चाहती है।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पप्पू यादव की इस मांग को इंडिया गठबंधन में कितनी गंभीरता से लिया जाता है। क्या अन्य सहयोगी दल राहुल गांधी के नाम पर सहमत होंगे? क्या तेजस्वी यादव जैसे क्षेत्रीय नेता राहुल को स्वीकार कर लेंगे या फिर एक बार फिर विपक्ष नेतृत्व को लेकर आपसी खींचतान में उलझ जाएगा? इन सभी सवालों का जवाब आने वाले कुछ हफ्तों में साफ होगा। लेकिन यह तय है कि पप्पू यादव ने जो बात उठाई है, वह जमीनी राजनीति से जुड़ी है, और अगर विपक्ष को जीत चाहिए, तो उसे इसपर गंभीरता से विचार करना होगा, वरना बीजेपी के लिए रास्ता और भी आसान हो जाएगा।

## सू- दोकू क्र.205

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.204 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## आज का राशिफल

**मेष**-आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी यश और कीर्ति बढ़ेगी, जो आपको खुशी देगी। राजनीति में आपको कोई पुरस्कार आदि भी मिल सकता है। आपके परिवार में किसी अतिथि के आने से माहौल खुशनुमा रहेगा और आप उनका स्वागत करते नज़र आएंगे। आपके डिसीजन मेकिंग पर आपको शक हो सकता है, क्योंकि आपका कोई सुझाव ग़लत रहेगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा, इसलिए आप कामों में कोई बदलाव न करें और आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। आज आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको अपने आसपास रह रहे कामों को भी कल पर नहीं डालना है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। बौद्धिक व मानसिक बोझ से आपको छुटकारा मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी और आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। कार्य क्षेत्र में मनपसंद काम मिलने की संभावना है। यदि आप शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट करने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए दिन अच्छा रहेगा। आपको कहीं घूमने-फिरने जाने से पहले अपने माता-पिता से जानकारी अवश्य लेनी होगी। आपकी किसी बात से परिवार के सदस्यों में लड़ाई-झगड़ा बढ़ सकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। भाई व बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपके परिवार में प्रॉपर्टी को लेकर कोई लड़ाई-झगड़ा छिड़ सकता है। आप अपने कामों में थोड़ा सोच-समझकर बदलाव करें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ बनी रहेगी। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका खर्चा भी बढ़ेगा, जिससे आपका बजट डगमगा सकता है।

**सिंह** आज आपका बिज़नेस की कोई पुरानी समस्या फिर से उभरेगी। परिवार में लोग आपकी किसी बात का बुरा मान सकते हैं। माताजी की सेहत को लेकर आप थोड़ा एहतियात बरतें। आपकी किसी जल्दबाज़ी की आदत के कारण आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आपको शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। किसी छोड़ी हुई नौकरी का आपको बुलावा आ सकता है।

**कन्या** आज का दिन कामकाज के मामले में थोड़ा कमजोर रहने वाला है। आपके मन में उथल-पुथल रहने से कोई काम बिगड़ सकता है। आपको उधार दिया हुआ धन भी मिल सकता है। यदि आपने किसी लोन को अप्लाई किया था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे, उनके सीनियर उनकी पढ़ाई में खूब मदद करेंगे।

**तुला** आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से थोड़ा सचेत रहना होगा। बिजनेस के किसी काम को लेकर आप कहीं बाहर जा सकते हैं और आपके खर्च बढ़ने से आपकी टेंशन बढ़ेगी, लेकिन आप अपनी इनकम को थोड़ा ध्यान में रखकर ही आगे बढ़ें। आप किसी नए घर में शिफ्ट कर सकते हैं। ननिहाल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मुलाकात करने आ सकता है। परिवार में पुरानी बातों को लेकर बातचीत हो सकती है। आपको दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना होगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपकी कार्य कुशलता भी बेहतर रहेगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे और प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी की किसी बात को लेकर निराशा हाथ लग सकती है और दोनों के रिश्ते में भी कड़वाहट बढ़ सकती है। आपको अपने पिताजी से किए हुए वादों को समय रहते पूरा करना होगा। आपकी लोगों से खूब पटेगी। किसी सरकारी योजना में भी सोच-समझकर निवेश करें।

**धनु**- आज आपकी सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी, क्योंकि कोई गले से संबंधित समस्या आपकी टेंशनों को बढ़ा सकती है, लेकिन विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको अपने दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा और परिवार के सदस्यों से काम को लेकर आपसी बातचीत अवश्य होगी। आप जल्दबाजी के कारण कोई गलत निर्णय ले सकते हैं, जो बाद में आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मकर**-आज का दिन आपके लिए नई-नई समस्याएं खड़ी कर सकता है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। कार्य क्षेत्र में यदि कोई समस्या है, तो उसे लेकर आप अपने किसी सीनियर से सलाह अवश्य लें और यदि घर का कोई काम रुका हुआ था, तो उसे पूरा करने की आप पूरी कोशिश करेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आप अपनी संतान को कहीं बाहर पढ़ाई-लिखाई के लिए भी भेज सकते हैं।

**कुंभ** -आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्य क्षेत्र में आपको सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जिससे आपके प्रमोशन पर रोक लग सकती है, इसलिए कोई ऐसा काम करने से बचें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपकी कोई बिजनेस से संबंधित डील फाइनल हो सकती है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह पड़ने से बचना होगा और संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**मीन** -आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। यदि आपको काम को लेकर कोई नया ऑर्डर आए, तो आप उसे पूरा करने की पूरी कोशिश करें। किसी कानूनी मामले में आप अपनी आंख और कान खुले रखें। प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई बड़ा निवेश करने की सोच सकते हैं। आपको आज कोई बहलाने-फुसलाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके उन समस्याओं से आसानी से बाहर निकलेंगे।

# दिल्ली एनसीआर और उत्तर भारत में साफ हवा खो गई

सुनील कुमार महला

दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में वायु प्रदूषण गंभीर समस्या बन गई है।एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में प्रकाशित एक खबर के अनुसार 'उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई। दिल्ली-एनसीआर के साथ लखनऊ, पटना, भोपाल, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, जयपुर और चंडीगढ़ में धुंध की मोटी परत छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, कई शहरों में एक्यूआइ 400 से पार गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में है। विशेषज्ञों ने कहा कि ठंडी हवाओं और आतिशबाजी के कारण प्रदूषक तत्व ऊपर नहीं उठ पाए, जिससे पूरे उत्तर भारत पर धुएं की चादर फैल गई।' दरअसल, सर्दियों में वायु प्रदूषण में वृद्धि कई कारणों से होती है। इस मौसम में धूप कम और तापमान ठंडा होने के कारण हवा स्थिर हो जाती है, जिससे धुआं और प्रदूषक कण हवा में फैल नहीं पाते और नीचे जमे रहते हैं। इसके अलावा,इस मौसम में लोग हीटर, कोयला और लकड़ी का अधिक उपयोग करते हैं, जिससे वातावरण में कणीय प्रदूषण बढ़ता है। उत्तर भारत में पराली जलाना भी सर्दियों में वायु प्रदूषण का बड़ा कारण बनता है। सड़क पर धूल और वाहनों से निकलने वाला धुआं भी हवा को और प्रदूषित करता है। धुंध और स्मॉग के कारण दृश्यता कम हो जाती है और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। हर साल दीपावली के बाद धुआं, धूल और पराली जलाने से हवा जहरीली हो जाती है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इसके लिए, सरकार और जनता दोनों को मिलकर समाधान के प्रयास करने चाहिए, जैसा कि स्वच्छ हवा ही स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी जरूरत है। त्योहार, पटाखे, स्थानीय उत्सर्जन और मौसम का मिश्रण, हमारे पर्यावरण पर कितना तीव्र प्रभाव डाल सकता है, हाल ही में इस बात का बखूबी पता चला। दरअसल, 20 अक्टूबर 2025 को दिवाली के बाद दिल्ली देश में सबसे प्रदूषित राजधानी हो गई। खबरों से पता चला है कि दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई शहर 'गैस चैंबर' बन गए हैं। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार नई दिल्ली में 21 अक्टूबर को (मंगलवार) को प्रदूषण के कारण सिग्नेचर ब्रिज भी धुंध में डूब गया। दिवाली के तुरंत बाद, सेंट्रल पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों व विश्लेषणों के अनुसार, शहर में 24-घंटे के औसत पीएम 2.5 (2.5 माइक्रोन या उससे छोटे कण) का मान लगभग 488 माइक्रोग्राम/घनमीटर रहा।दिवाली-रात के दौरान कुछ स्थानों पर पीएम 2.5 ने 675 "g/m" तक पहुँचने का रिकॉर्ड दिखाया गया।एक्यूआइ(एयर क्वालिटी इंडेक्स) के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में अधिकांश इलाकों में 'बहुत खराब'(एक्यूआइ 300 से अधिक) श्रेणी में हवा थी। पाठकों को बताता चलूं कि दिवाली के दौरान पटाखों का इस्तेमाल प्रमुख कारण माना गया है।इस वर्ष स्टबल-बर्निंग (खेती की अवशेष जलाना) में लगभग 77 % कमी के बावजूद (पंजाब-हरियाणा में) हवा काफी बिगड़ी।इसके अलावा, रात में हवा धीमी थी, 'इन्वर्शन' की स्थिति बनी रही जिससे प्रदूषक नीचे ही फँसे रहे। वास्तव में, कहना ग़लत नहीं होगा कि दिवाली के उत्सव के बाद दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई राज्यों की हवा फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है।हवा के प्रदूषित (जहरीली होने) से लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक सोमवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' व 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई। राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआइ) 531 तक पहुंच गया, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक माना जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार हरियाणा में सोमवार रात, दिवाली वाले दिन रात 12 बजे तक 15 जिलों में एक्यूआइ 500 तक पहुंच गया था। मुंबई के कई इलाकों में दिवाली के दिन एक्यूआइ 375 तक पहुंच गया। हालांकि, लोगों को मंगलवार को सुबह कुछ राहत मिली। राजस्थान में मंगलवार सुबह 8 बजे तक एक्यूआइ 243 रहा। भिवाडी में राज्य में सबसे ज्यादा एक्यूआइ 318 रिकॉर्ड किया गया।भोपाल में मंगलवार को औसत एक्यूआइ 316 दर्ज किया गया,जो कि बहुत खराब श्रेणी में आता है। इतना ही नहीं, लखनऊ में 222 और कानपुर में 203 एक्यूआइ दर्ज किया गया। क्या यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील बात नहीं है कि नई दिल्ली में सीपीसीबी के 38 निगरानी केंद्रों में से 34 ने 'रेड जोन' यानी 'बहुत खराब' या 'गंभीर' स्तर दर्ज किया गया। नरेला में एक्यूआइ 551 दर्ज हुआ, जो सबसे अधिक रहा। अशोक विहार में एक्यूआइ 493 और आनंद विहार में 394 पर पहुंच गया। वहीं यूपी के नोएडा में 369 और गाजियाबाद में 402 का स्तर रेकॉर्ड किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। गौरतलब है कि राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रैप-2 के नियम पहले से लागू है। इसके बावजूद हवा में जहरीले कणों की मात्रा बढ़ गई। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि हर वर्ष दीपावली के बाद दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। पटाखों से निकलने वाला धुआं और हानिकारक गैसें हवा में मिलकर सांस लेना मुश्किल बना देती हैं। दूसरी ओर, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जलने वाली पराली प्रदूषण को कई गुना बढ़ा देती है। इन दोनों कारणों से वातावरण में धूल, धुआं और सूक्ष्म कणों की मात्रा बढ़ जाती है। आसमान में धुंध की चादर छा जाती है, जिससे दृश्यता घट जाती है। बच्चों, बुजुर्गों और रोगियों को सांस से जुड़ी बीमारियां घेर लेती हैं। स्कूलों और दफ्तरों में उपस्थिति प्रभावित होती है। सरकार और न्यायालय हर साल अपील करते हैं कि लोग पटाखे न जलाएं और पराली न जलाएं। फिर भी जागरूकता की कमी के कारण यह समस्या दोहराई जाती है। अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर स्वच्छ और हरित दीपावली का संकल्प लें। दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य इलाकों में वायु की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किए जाने की स्थिति तब है, जब पिछले कई वर्षों से दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को लेकर आम आदमी, विभिन्न एनजीओ, सरकारों व राजनीतिज्ञों द्वारा हर स्तर पर गंभीर चिंता जताई जाती रही है। गौरतलब है कि 2025 के अक्टूबर महीने में, दिल्ली का एक्यूआइ (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 'हैज़र्डस' श्रेणी में पहुँच गया था और एक नमूने में एक्यूआइ 442 रिकॉर्ड हुआ था। रीयल-टाइम डेटा के अनुसार, कुछ इलाकों में पीएम 2.5 " 219 "g/m" और पीएम10 " 348.8 "g/m" तक दर्ज किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि वार्षिक औसत रूप से, दिल्ली में PM2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानकों और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) की गाइडलाइनों से कई गुना अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 के पहले आधे में दिल्ली में PM2.5 का औसत 87 "g/m" था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की वार्षिक सीमा को बहुत पहले पार कर चुका था। आइक्यू एयर की 2024 वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट के अनुसार,दिल्ली फिर से दुनिया की सबसे प्रदुषित राजधानी घोषित की गई है। जानकारी के अनुसार दिल्ली का औसत PM2.5 स्तर 92.7 "g/m" रहा। यह स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सुरक्षित सीमा (5 "g/m") से लगभग 18 गुना अधिक है।यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि भारत के 7 शहर दुनिया के टॉप-10 सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं, जिनमें दिल्ली सबसे ऊपर है। बहरहाल, विशेषकर दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन दिवाली के बाद हालात हर साल की तरह बिगड़ जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस बार ग्रीन पटाखों की सीमित अनुमति दी थी, पर लोगों ने इसका भी दुरुपयोग किया। नतीजतन, दिल्ली सहित कई शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। जानकारी के अनुसार दिल्ली में यह 991पर और लखनऊ में यह 1317 तक पहुंच गया। वास्तव में, यह स्थिति बताती है कि अदालतों के आदेश और सरकारी कदम केवल औपचारिक साबित हो रहे हैं। जनता का सहयोग न मिलना भी बड़ी वजह है। अधिकांश लोग मानते हैं कि यह सरकार की जिम्मेदारी है, जबकि प्रदूषण कम करने में नागरिक भागीदारी सबसे अहम है। पुलिस और प्रशासन के लिए यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं कि हर घर में निगरानी रख सके कि कौन से पटाखे चले। इसलिए आज ज़रूरत इस बात की है कि प्रदूषण रोकने के लिए समाज व आम आदमी खुद आगे आए। धार्मिक और सामाजिक नेताओं को भी लोगों को समझाना होगा कि पर्यावरण की रक्षा ही सच्ची पूजा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि प्रदूषण अब केवल दिल्ली की नहीं, पूरे देश की समस्या बन चुका है। यह बात सही है कि आज के इस युग में प्रदूषण पर पूरी तरह से रोक लगा पाना तो संभव नहीं है, लेकिन इसे काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है। वास्तव में, दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए कई प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। सबसे पहले, पराली जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए और किसानों को पराली प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनें व आर्थिक सहायता दी जाए। वास्तव में, पराली प्रदूषण से मुक्ति के लिए किसानों, सरकार और समाज को मिलकर प्रयास करना होगा। किसानों को पराली जलाने के बजाय उसका उपयोग खाद, जैव-ऊर्जा या चारे के रूप में करना चाहिए। सरकार को, जैसा कि ऊपर बता चुका हूं कि पराली प्रबंधन मशीनों पर सब्सिडी और जागरूकता अभियान बढ़ाने चाहिए। आज के इस दौर में पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तकनीकों को बढ़ावा देना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। स्कूलों और पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाकर लोगों को इसके दुष्प्रभाव बताए जाने चाहिए। वैज्ञानिक तरीकों से पराली का पुनर्चक्रण किया जा सकता है। यदि हर किसान जिम्मेदारी से कदम उठाए तो हवा फिर से स्वच्छ हो सकती है। सामूहिक प्रयास से ही पराली प्रदूषण से मुक्ति संभव है।

## एक नजर

### साय सरकार के 2 साल बाद भी 'मोदी की गारंटी' नहीं हुई पूरी :विनोद चंद्राकर



**महासमुंद,23 अक्टूबर।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने 2 वर्ष होने को है, इन दो वर्षों में सरकार ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया जिससे प्रदेश वासियों के जीवन में बदलाव आए। राज्य सरकार आज हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। कानून-व्यवस्था, गरीब, किसान, दलित और आदिवासी आज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, और इसके लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने घोषणा पत्र में सरकार बनने के तुरंत बाद 57 हजार रिक्त पदों पर तथा 2 साल के भीतर 1 लाख खाली पदों पर भर्ती करने का संकल्प मोदी की गारंटी के तहत लिया था। इसके अलावा दैवेभो कर्मचारी, संविदा कर्मियों को नियमितिकरण के लिए सरकार बनने के 100 दिन के भीतर ही समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं कमेटी बनाने की बात कही थी। इस वादे पर क्रियान्वयन का आज 2 साल बाद भी अता-पता नहीं है। माह अगस्त 2025 से प्रदेश के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारियों ने नियमितीकरण व वेतन वृद्धि जैसे मांगों को लेकर लगभग डेढ़ माह तक आंदोलन किया। सरकार ने आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया था, जिसमें शासन द्वारा कहा गया था कि 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि के साथ हड़ताल अवधि का वेतन भी दीपावली पूर्व उन्हें प्रदान किया जाएगा। लेकिन, दीपोत्सव जैसे सबसे बड़े त्यौहार में उन्हें वेतन नहीं दिया गया। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार पर जहाँ पूरा प्रदेश खुशियां मना रही थीं, वहीं सरकार के धोखेबाजी के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हजारों कर्मचारी इस बार मायूसी और आर्थिक तंगी के बीच त्योहार मनाने को विवश हुए। हड़ताल अवधि में बर्खास्त किए गए 25 एनएचएम कर्मचारियों की बहाली भी नहीं की गई।

चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के गलत नीतियों के कारण धान खरीदी में संलग्न सहकारी समिति के कर्मचारियों में भी सरकार के खिलाफ आक्रोश हैं। 24 अक्टूबर से वे भी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू करने की बातें कह रहे हैं। आगामी नवंबर माह से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। ऐसे में सहकारी समितियों के कर्मचारियों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों द्वारा काम बंद करने से धान खरीदी प्रभावित होगी। ये कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर शासन से मांग कर रहे हैं। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय 72 घंटे के भीतर खरीदी केंद्रों से धान का उठाव के नियम बनाए गए थे। जिससे समितियों को सूखत की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता था। लेकिन, वर्तमान सरकार धान खरीदी को लेकर संवेदनशील नहीं है। धान खरीदी के लिए कोई ठोस नीति इनके पास नहीं है। गत वर्ष इसी ढूल-मूल रवैये के कारण धान खरीदी में भारी अव्यवस्था देखने को मिला था। शासन शीघ्र ही सहकारी समिति कर्मचारियों के समस्त मांगों को पूर्ण कर धान खरीदी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास करें। ताकि, कर्मचारियों के साथ ही किसानों को भी किसी प्रकार की समस्या ना होने पाए।

# सीडीओ कंपनी की सुरक्षा गार्ड शाखा में भ्रष्टाचार से कर्मचारियों में भारी आक्रोश




**किरंदुल,23 अक्टूबर।** सीडीओ कंपनी में कार्यरत सुरक्षा गार्डों ने अपने ही सुपरवाइजरों और प्रबंधन पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी में वर्षों से चल रहे घोटालों की वजह से मेहनतकश सुरक्षा गार्डों का शोषण किया जा रहा है और उनका पारिश्रमिक हड़प लिया जाता है।

जानकारी के अनुसार, छ्ष्ठह्र कंपनी के सुरक्षा गार्ड किरंदुल प्रोजेक्ट (ह्रछ्ष्ट) में तैनात हैं। सुरक्षा गार्डों ने बताया कि सुपरवाइजर और इंचार्ज मिलकर गार्डों की मेहनत की कमाई का हिस्सा हड़प लेते हैं। गार्डों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी पॉइंट बदलने, ओवरटाइम (ह्रञ्ज) लगाने और उपस्थिति दर्ज करने के नाम पर अवैध वसूली की जाती है।

गार्डों के अनुसार, रात की ड्यूटी में जहाँ 40 से 50 पॉइंट की ड्यूटी दर्ज की जाती है, वहीं हकीकत में 70 से 75 पॉइंट तक गार्ड काम करते हैं, लेकिन उन्हें पूरा भुगतान नहीं दिया जाता। कई बार ह्रञ्ज के नाम पर पैसा भी कम कर दिया जाता है।सुरक्षा गार्डों ने यह भी आरोप लगाया है कि कंपनी के कुछ अधिकारी और सुपरवाइजर ÷मनी मैनेजमेंट÷ के नाम पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। यही कारण है कि मेहनतकश कर्मचारियों को पूरा वेतन और सुविधा नहीं मिल पा रही है।गार्डों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस संबंध में यूनियन और विभागीय अधिकारियों को शिकायत दी, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गार्डों ने चेतावनी दी है कि यदि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।गार्डों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे ताकि सुरक्षा गार्डों के साथ न्याय हो सके। इस मामले में यूनियन के प्रतिनिधि रंजीत, सलीम, रमेश, मनीष, मधुकर, और तरसिंह यादव सहित सभी सुरक्षा गार्डों ने संयुक्त रूप से शिकायत दर्ज कराई है।

# किरंदुल में हर्षोल्लास के साथ की गई गोवर्धन पूजा



**किरन्दुल, 23 अक्टूबर।** किरंदुल औधोगिक नगर में भगवान गोवर्धन जी की पूजा के पावन अवसर पर आज किरंदुल नगर के गजराज कैंप में अत्यंत हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ भव्य गोवर्धन पूजा समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु एकत्र हुए और भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे -नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह नगर पालिका सीएमओ श्री महापात्र जी पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र सिंहसभी गणमान्य अतिथियों ने पूजा-अर्चना में भाग लेकर नगर की समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गजराज कैंप की गोवर्धन पूजा नगर की सबसे पुरानी और भव्य परंपराओं में से एक रही।पूरे कार्यक्रम के दौरान नाच-गाने, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण भक्ति और आनंद से भर गया।श्रद्धालुओं ने रंग-गुलाल लगाकर, आरती कर और जयकारों के साथ इस पावन पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।गोवर्धन पूजा न केवल आस्था और परंपरा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश भी देती है। किरंदुल वासी इस दिन का वर्षभर उत्साहपूर्वक इंतजार करते हैं और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा व्यक्त करते हैं।

### देर रात मंदिर खोलने को लेकर विवाद

# आरोपी ने मां-बेटे पर फेंका उबलता तेल, दोनों गंभीर रूप से झुलसे



**कांकेर,23 अक्टूबर।** अन्नपूर्णा पारा वार्ड में देर रात मंदिर खोलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद एक युवक ने पड़ोसी परिवार पर उबलता तेल फेंक दिया, जिससे मां-बेटे गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार, अन्नपूर्णा पारा निवासी रमेश पटेल के पड़ोस में रहने वाले युवक ने देर रात मंदिर खोलने की जिद की। रमेश पटेल ने उसे देर रात मंदिर खोलने से मना किया, जिस पर युवक भड़क उठा और गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान जब रमेश पटेल का छोटा बेटा शेखर पटेल बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपी ने उबलते तेल से हमला कर दिया।गंभीर रूप से झुलसे शेखर पटेल के दाहिने हाथ और पैर पर जलने के निशान हैं, वहीं उनकी मां सकून पटेल के शरीर पर भी जलने की चोटें आई हैं। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल कांकेर लाया गया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है।पीड़ित रमेश पटेल ने बताया कि आरोपी युवक पहले भी कई बार मोहल्ले में झगड़ा कर चुका है। देर रात तेज आवाज में संगीत बजाने और गाली-गलौज करने को लेकर कई बार लोगों ने उसकी शिकायत भी की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।घटना के बाद मोहल्ले में तनाव का माहौल बना हुआ है। आसपास के लोगों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।पार्षद एवं स्थानीय नागरिकों ने संयुक्त रूप से कहा कि यह घटना समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करती है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर उस पर सख्त धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाए।

### तूता धरना स्थल पर दो माह तक चलेगा रखरखाव कार्य

**रायपुर, 23 अक्टूबर ।** नवा रायपुर अटल नगर में राज्योत्सव मैदान के सामने स्थित धरना स्थल का रखरखाव (संधारण) कार्य किया जाएगा, इस लिए धरना स्थल पर आगामी आदेश तक धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाई है।नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पत्र के अनुसार यह काम लगभग दो महीने तक चलेगा। इस दौरान संधारण कार्य पूर्ण होने तक धरना स्थल को नगर विकास प्राधिकरण को सौंपा गया है। रखरखाव कार्य पूरा होने तक तूता धरना स्थल पर किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन या सभा का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। यह प्रतिबंध अगले आदेश तक लागू रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आदेश जारी किया है।

# तेज रफ्तार वाहन ने चाचा-भतीजे को कुचला, दोनों की मौके पर मौत



**गरियाबंद,23 अक्टूबर।** जिले में हिट एंड रन का एक मामला सामने आया है। मैनपुर के पास नेशनल हाईवे 130ब् पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआए जिसमें चाचा और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची धवलपुर थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया और मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार देवभोग के ग्राम बनवापारा निवासी अकालू राम ;45 वर्षद्ध और उनके भतीजे टेकराम ;35 वर्षद्ध अपनी मोटरसाइकिल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 23 एफ 3467 से गरियाबंद जा रहे थे। हादसा मैनपुर से लगभग 12 किलोमीटर दूरए सिकासार जीरो पॉइंट के पास हुआ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए दोनों युवक सड़क किनारे शौच के लिए बाइक रोककर उतरे थे। बाइक को स्टैंड पर खड़ा कर कुछ दूरी पर कदम बढ़ाने के दौरानए एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में दोनों चाचा.भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई थीं।धवलपुर पुलिस ने सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शवों का पोस्टमार्टम गुरुवार को किया जाएगाए क्योंकि उन्हें अस्पताल तक देर शाम पहुंचाया गया।पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारण और जिम्मेदार चालक को पकड़ने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

# जिले के मैनपुर कला गांव में गोवर्धन पूजा पर निभाई जाती है अनूठी परंपरा



गरियाबंद,23 अक्टूबर। गरियाबंद जिले के मैनपुर-कला गांव में गोवर्धन पूजा के अवसर पर एक अनूठी और सदियों पुरानी परंपरा निभाई जाती है. यहां गोबर से बने गोवर्धन पर्वत को गौवंशों द्वारा रौंदाया जाता है. लेकिन इस दौरान एक ऐसी परंपरा निभाई जाती है, जिसे देखकर सभी हैरान हो जाते हैं. गोवर्धन पर्वत के सामने दो पुरुषों को बैठाया जाता है, जिनपर देव सवार होते हैं. गांव में इन्हें सिरहा कहते हैं, जिन्हें गोवर्धन पर्वत के साथ-साथ ही गौवंशों द्वारा रौंदाया जाता है, लेकिन फिर भी सिरहा (देव सवार पुरुषों) को एक खरोच भी नहीं आती है.जानकारी के अनुसार, इस वर्ष यह सम्मान कुंदरू यादव और जीवन यादव को दिया गया. परंपरा अनुसार पहले इनके पूर्वजों पर ही देव सवार होते थे. पूजन और तैयारी के बाद गांव भर के लोग अपने-अपने गौ वंश को लेकर सिरहा के ऊपर रौंदते हैं. देखने में यह खतरनाक लगता है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, दैवीय शक्ति के चलते सिरहा को एक भी खरोच नहीं आती. ग्रामीणों का कहना है कि मिशल के अनुसार गांव का उल्लेख राजस्व रिकॉर्ड में 1921 से मिलता है, लेकिन यह अनोखी परंपरा सैंकड़ों सालों से निभाई जाती है. पहले इस प्रक्रिया में 200 से अधिक गायें शामिल होती थीं, जबकि अब संख्या धीरे-धीरे घट गई हैं.फसल और गांव को रोग-व्याधि से सुरक्षा गाय के गोबर से बने गोवर्धन पर्वत को रौंदने के बाद, इसे ग्रामीण अपने घर ले जाते हैं. खेतों में छींटते हैं, घर के मुख्य द्वार पर लगाते हैं और माथे पर परिवार सहित तिलक करते हैं. मान्यता है कि इससे फसल रोग मुक्त रहती है और चेचक जैसी बीमारियां गांव में नहीं आतीं.वर्षों पुरानी इस परंपरा में ग्रामीणों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है, जो न केवल सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखती है, बल्कि स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रतीक भी मानी जाती है।

# बस्तर में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की शुरुआत 25 से होगी




**जगदलपुर,23 अक्टूबर।** बस्तर में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी जोरशोर से जारी है, नदी एवं तालाब के किनारे की साफ-सफाई के साथ पूजा स्थल की रंगाई पोताई की जा रही ह ै। हिंदू धर्म में कार्तिक मास व्रतों और त्योहारों का महीना माना जाता है, 20 अक्टूबर को पूरे देश में दिपावली मनाई गई, अब लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। छठ पूजा छठी मैया और भगवान सूर्य की पूजा का त्योहार है। इस त्योहार में प्रकृति और आस्था का संगम देखने को मिलता है। इस पर्व में महिलाओं और पुरुषों द्वारा संतान के जीवन की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखा जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष छठ पूजा की शुरुआत 25 अक्टूबर से होगी, और 28 अक्टूबर तक चलेगा। मिथिला समाज के शंकर झा ने बताय कि 25 अक्टूबर को छठ पर्व नहाय-खाय के साथ शुरू होगा, दूसरे दिन 26 अक्टूबर को खरना होगा, फिर तीसरे दिन 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं छठ पूजा के आखिरी दिन 28 अक्टूबर को उदयागामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, इसी के साथ ये छठ पर्व समाप्त हो जाएगा।

शंकर झा ने बताया कि पहले दिन व्रती सुरज निकलने से पहले पवित्र नदी में डुबकी लगाते हैं, यानी स्नान करते हैं। इसके बाद घरों में साफ-सफाई की जाती है, फिर चना दाल, कद्दू और चावल का प्रसाद तैयार किया जाता है7 ये प्रसाद व्रती और उसके परिवार द्वारा ग्रहण किया जाता है। उन्होने बताया कि स्कंद पूराण में बताया गया है कि इस दिन से छठी मैया की कृपा शुरु होती है। दूसरे दिन छठ पूजा के दूसरे दिन खरना होता है, इस दिन व्रतियों द्वारा लकड़ी के चूल्हे पर गुड़ की खीर और रोटी बनाई जाती है। फिर इसके बाद व्रती प्रसाद को खाते हैं। इसके बाद शुरू होता है 36 घंटे का निर्जला व्रत, मान्यताओं के अनुसार, खरना के बाद से छठी मैया घर में विराजमान होती हैं। छठ पूजा के तीसरे दिन निर्जला उपवास रखते हुए डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है. सूर्यदेव को ये अर्घ्य बांस के सूप में फल, ठेकुआ और मिठाई के साथ दिया जाता है। छठ पूजा के चौथे यानी आखिरी दिन व्रती नदी किनारे उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देते हैं। फिर उसके बाद सात या ग्यारह परिक्रमा करते हैं, इसके बाद व्रत खोलते हैं।

# त्यौहारों के दौरान सुरक्षित यात्रा के लिए रेलवे ने किए व्यापक प्रबंध

बिलासपुर/रायपुर । दीपावली एवं छठ जैसे प्रमुख त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को ध्यान में रखते हुए, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक एवं प्रभावी भीड़ प्रबंधन उपाय किए गए हैं।

इस वर्ष भारतीय रेलवे द्वारा देशभर में 12,000 से अधिक फेस्टिवल/पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 7,742 थी। इसी क्रम में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल से 09 फेस्टिवल/पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं इन ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को लगभग सवा लाख से अधिक कंफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध हो रही है जिससे यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सहज एवं सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिल रहा है।

### भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था

मंडल के प्रमुख स्टेशनों एवं यात्री गाडियों में भीड़ प्रबंधन हेतु अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है।सभी फ्रंट कर्मचारी 24म7 ड्यूटी पर रहकर अपने कार्य का निष्पादन कर रहे हैं।आरपीएफ एवं वाणिज्य विभाग की संयुक्त टीमें निरंतर निगरानी कर रही हैं।सार्वजनिक घोषणा प्रणाली व डिजिटल संकेतकों के माध्यम से यात्रियों को ट्रेनों की सटीक जानकारी समय पर दी जा रही है।प्लेटफॉर्म, फुटओवरब्रिज तथा कोचों के आसपास भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए हैं।यात्रियों को सुरक्षित बोर्डिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है – जैसे कि पहले उतरने वालों को उतरने दें, तत्पश्चात क्रमवार ट्रेन में चढ़ें तथा चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने से बचें।आरपीएफ एवं सिविल डिफेंस टीम द्वारा लाउड हेलर व सीटी के माध्यम से भीड़ नियंत्रण किया जा रहा है।मंडल नियंत्रण कक्ष एवं वार रूम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग के माध्यम से ट्रेन संचालन एवं भीड़ की स्थिति पर सतत नजर रखी जा रही है।बिलासपुर स्टेशन में डिजिटल वार रूम की स्थापना की गई है जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा मिलकर ऑपरेशन और कंट्रोल से जुड़े निर्णयों को और अधिक सटीकता व तत्परता के साथ लिया जा लिया जाता है । जिसमें यात्रियों की शिकायतों का त्वरित निवारण किया जाता है ।

### यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध

सभी प्रमुख स्टेशनों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

मंडल के बिलासपुर, उस्लापुर, रायगढ़ सहित प्रमुख स्टेशनों में होर्डिंग एरिया का प्रावधान किया गया है ।फर्स्ट-एड बूथ एवं मेडिकल टीम हर समय तत्पर रखी गई है।हेल्प डेस्क एवं अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टाफ की तैनाती की गई है। सामान्य कोचों के निर्धारित स्थानों पर किफायती भोजन एवं रेल नीर के अतिरिक्त काउंटर लगाए गए हैं ताकि यात्रियों को भीड़ में असुविधा न हो।डिजिटल टिकटिंग को प्रोत्साहन एम-यूटीएस एवं रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री अब बिना कतार में लगे अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकट प्राप्त कर सकते हैं। मंडल स्तर पर इन डिजिटल प्लेटफॉर्मों के उपयोग को बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है ।

**मंडल रेल प्रबंधक श्री राजमल खोईवाल ने कहा कि** — त्योहारी मौसम में यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और संतुष्टि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेलवे परिवार पूरी निष्ठा से यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर यात्री को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव मिले।

# कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर जिले में येलो अलर्ट जारी, बारिश की संभावना

**जगदलपुर,23 अक्टूबर।** बस्तर संभाग में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। मौसम विभाग ने दक्षिणी छत्तीसगढ़ अर्थात बस्तर संभाग में अगले पांच दिन बारिश की संभावना जताई है, बस्तर संभाग के कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर जिलों में येलो अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। आज बुधवार को बस्तर जिला मुख्यालय में दोपहर में बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव वाला क्षेत्र बना हुआ है, जिसका असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर दिखाई दे रहा है। जिससे मानसून की विदाई के बाद भी बादल गरज-चमक के साथ बरस रहे हैं। मानसून इस बार 10-12 दिन की देरी से लौट गया, लेकिन बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव वाले क्षेत्र के चलते दक्षिणी छत्तीसगढ़ अर्थात बस्तर संभाग में लगातार बारिश का दौर जारी है। विदित हो कि बस्तर दशहरा के दौरान एवं दीपावली के दिन भी बस्तर में बारिश हुई।

### ढाई लाख नगद समेत 155 जुआरी गिरफ्तार

**जगदलपुर।** दीपावली पर्व के मद्देनज़र बस्तर पुलिस ने अवैध जुआ गतिविधियों पर सख्त रूख अपनाते हुए 47 प्रकरणों में कार्यवाही कर 155 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से कुल 2,23,990/- की नगद राशि जब्त की गई।एसपी शलभ सिन्हा के कुशल नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा जिले में अवैध जुआ गतिविधियों के विरुद्ध मिशन मोड पर विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न मुखबिरों एवं स्त्रोतों से प्राप्त पुख्ता जानकारी के आधार पर जिले के विभिन्न थानों के अंतर्गत एक साथ छापेमारी की गई।

# वन विभाग में ट्रैक्टर सहित सागौन चिरान जब्त किया, चालक फरार

**बीजापुर।** दीपावली त्योहार के मद्देनज़र अवैध सागौन लकड़ी की तस्करी पर रोक लगाने के लिए वन विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान भोपालपटनम वन परिक्षेत्र के तहत वन जांच नाका के पास वन अमले ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली में छुपाई गई सागौन की लकड़ी जब्त की है।जानकारी के अनुसार बीती शाम लगभग 6 से 7 बजे के बीच वन विभाग की टीम नियमित जांच कर रही थी। इसी दौरान एक ट्रैक्टर ट्रॉली संदेहास्पद अवस्था में आती दिखाई दी। ट्रॉली में ऊपर से रेत भरी हुई थी और उसके ऊपर प्लास्टिक की झिल्ली बिछाई गई थी। शक होने पर वनकर्मियों ने जब झिल्ली हटाकर जांच की, तो उसके नीचे 76 नग सागौन चिरान छुपाई हुई मिली। वन विभाग के अनुसार, जब्त लकड़ी की मात्रा लगभग 1.100 घन मीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 45,000 से 50,000 के बीच आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। विभाग ने ट्रैक्टर व लकड़ी दोनों को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।यह कार्रवाई वन मंडल अधिकारी के निर्देश, उपवन मंडल अधिकारी के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में की गई। अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के समय अवैध लकड़ी परिवहन की आशंका के चलते पूरे क्षेत्र में जांच अभियान को और तेज किया गया है।

# ग्रामीण जमकर बना रहे हैं केमिकलयुक्त देशी शराब

**जगदलपुर,23 अक्टूबर।** बस्तर में आदिवासियों को महुआ की शराब बनाकर पीने की छूट है, पूरे बस्तर संभाग में महुआ की शराब बनाकर बेचने का धंधा 40 साल से बदस्तूर जारी है। अंग्रेजी शराब महंगी होने के कारण भी मद्यप्रेमी महुआ की शराब पीने लगे हैं। बताया गया कि महुआ को जल्दी सड़ाने के लिये शराब बनाने वाले इसमें यूरिया, नीलाथोथा, डिमेक्रान, स्प्रीट जैसे खतरनाक केमिकल और तम्बाकू मिला रहे हैं।

मिला रहे जहरीला केमिकल-महुआ के शराब की मांग अधिक होने के कारण इसे बनाने वाले विभिन्न प्रकार के रासायनिक तत्वों का उपयोग करने लगे हैं। बताया गया कि महुआ को जल्दी सड़ाने के उद्देश्य से इसमें यूरिया, सर्फ, नीलाथोथा, डिमेक्रान, स्प्रीट जैसे केमिकल का उपयोग करने लगे हैं। ऐसे केमिकल से बनी शराब को पीने से ही मद्य प्रेमियों के स्वास्थ्य पर और बुरा असर पड़ रहा है।

गैर आदिवासी ज्यादा बना रहे शराब-आदिवासियों को एक सीमा तक महुए की शराब बनाकर पीने की छूट दी गई है, लेकिन अब आदिवासी कम लेकिन गैर आदिवासी महुआ की शराब ज्यादा बनाकर बेच रहे हैं। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई महुआ की शराब बड़े पैमाने पर शहर की निचली बस्तियों में खुलेआम बेची जा रही है।

तेज बनाने मिलाते हैं तम्बाकू-यह भी बताया गया है इधर शहर के निचली बस्तियों में जो लोग इस गांवों में लाए गए महुए की शराब बेच रहे हैं। वह पानी तो मिलते हैं इसके अलावा इसमें तंबाकू का रस भी डाल रहे हैं। ऐसा करने से शराब में मादकता के साथ भी विषाक्तता भी बढ़ रही है। इस संदर्भ में कई बार आदिवासी समाज के पदाधिकारी यह मुद्दा उठा चुके हैं, किंतु आबकारी विभाग द्वारा रोकथाम के उद्देश्य से ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गौरतलब है कि आबकारी विभाग द्वारा आए दिन महुआ की शराब परिवहन करते या घर में शराब बनाते तो पकड़ा जाता है, लेकिन जब्त की गई महुआ के शराब का कभी परीक्षण नहीं कराया

## एक नजर

### जिले के 323 हितग्राही 26 नवंबर को तीर्थयात्रा के लिए होंगे रवाना

**महासमुंद 23 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत महासमुंद जिले के हितग्राहियों के लिए तीर्थ स्थान प्रयाग, काशी विश्वनाथ एवं हनुमान मंदिर यात्रा तिथि 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है।

योजना अंतर्गत 26 नवम्बर को 323 हितग्राही यात्रा के लिए जिला मुख्यालय स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल से रवाना होंगे। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हितग्राहियों को दोपहर 12:00 बजे तक उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 242 हितग्राही जिसमें जनपद पंचायत महासमुंद अंतर्गत 53, बागबाहरा के 46, पिथौरा के 53, बसना के 44 एवं सरायपाली के 46 हितग्राही तथा एवं शहरी क्षेत्र के 81 हितग्राही जिसमें नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत 36, बागबाहरा के 13, सरायपाली के 14, नगर पंचायत पिथौरा के 6, बसना के 7 एवं नगर पंचायत तुमगांव के 5 हितग्राही शामिल है।

### विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण के लिए शिविर लगाने के निर्देश

**महासमुंद 23 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए जिलेभर में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिविरों में विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई है।जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार लहरे ने बताया कि अपार आईडी निर्माण हेतु सभी दस्तावेजों की 'मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। व्हाट्सएप अथवा फोटोकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी। आवश्यक दस्तावेजों में पैन कार्ड, प्रान कार्ड (शासकीय कर्मचारी हेतु), फोटोयुक्त 10वीं/12वीं मार्कशीट, पासपोर्ट, वोटर आईडी/ई-वोटर कार्ड, मेरिज सर्टिफिकेट, फोटोयुक्त विकलांग प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र (18 वर्ष से कम आयु वर्ग हेतु), स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की वैधता, फोटो की स्पष्टता एवं जन्मतिथि का मिलान आधार कार्ड से अनिवार्य होगा। शिविरों में विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर सटीक अपार आईडी जारी की जाएगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि या असंगति न रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन

**अम्बिकापुर 23 अक्टूबर।** बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर (ग्रामीण) के परियोजना अधिकारी ने बताया कि भगवानपुर सेक्टर के ग्राम कुल्हाड़ी के आंगनबाड़ी केन्द्र कुल्हाड़ी खास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर भर्ती हेतु 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस हेतु केवल महिला ही आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए आयु सीमा आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। वे अपना आवेदन पत्र परियोजना कार्यालय अम्बिकापुर (ग्रामीण) से प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि तक परियोजना कार्यालय (ग्रामीण) में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 1 परिवार को दी गई 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर, 23 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 01 परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील लोहाण्डीगुड़ा ग्राम नेगानार निवासी मैतुराम की मृत्यु पानी में डूबने के कारण पुत्र श्री सुखदेव को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

---

ग्रामीणों ने मेसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड पुरुंगा अडानी की जनसुनवाई को पहले ही किया निरस्त

# पुरंगा में अंबुजा सीमेंट्स की जनसुनवाई रद्द करने ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

**रायगढ़,23 अक्टूबर।** पुरंगा कोल ब्लॉक में अडानी को दिए गए कोल ब्लॉक कि जनसुनवाई रद्द करने की मांग को लेकर आज सैकड़ों ग्रामीण जल, जंगल, जमीन, पशु को बचाने के लिए हाथों में तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाल कर रायगढ़ कलेक्टर ऑफिस पहुंचे। कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों द्वारा गेट खोलो गेट खोलो के नारे लगाए। वहीं ग्रामीणों की मांग है कि जिला कलेक्टर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उनकी मांग को सुने।विदित हो कि रायगढ़ जिले के धर्मजगढ क्षेत्र में अदानी के कोल ब्लॉक की जनसुनवाई 11 नवंबर को प्रस्तावित है जिसका की प्रभावित गांवों के ग्रामीणों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है, स्पष्ट उनका कहना है कि इस कोल माइन्स के खुल जाने से हमारे जमीन और जंगल के साथ ही पशुओं का भी सत्यानाश हो जाएगा और वह जनसुनवाई को रद्द करने की मांग पर अड़े हुए हैं। धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत




तेन्दुमुड़ी में नीति शनिवार को आयोजित पेशा कानून के तहत विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मेसर्स अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, पुरुंगा (अडानी ग्रुप) की प्रस्तावित भूमिगत कोयला खदान परियोजना के विरोध में प्रस्ताव पारित करते हुए आगामी 11 नवंबर को निर्धारित पर्यावरणीय जनसुनवाई को निरस्त करने का निर्णय लिया। ग्राम सभा को प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंपनी द्वारा 869.025 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 2.25 मिलियन टन प्रति वर्ष (रूझक्र) की उत्पादन क्षमता वाली भूमिगत कोयला खदान का प्रस्ताव दिया गया है। प्रस्तावित क्षेत्र में 621.331 हेक्टेयर वन भूमि, 26.898 हेक्टेयर गैर-वन भूमि, एवं 220.796 हेक्टेयर निजी भूमि शामिल है। यह खदान ग्राम पंचायत तेन्दुमुड़ी, पुरुंगा और साम्हरसिंघा के क्षेत्र को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगी।ग्राम सभा की आपत्तियाँग्रामवासियों ने अपने प्रस्ताव में कहा कि - वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत ग्राम के निजी दावे अभी लंबित हैं, ऐसे में बिना स्वीकृति

### दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए 7.36 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर, 22 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा दो सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 7 करोड़ 36 लाख 77 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्यों में गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के विकासखण्ड गौरेला के अंतर्गत अरपा नदी में बनझोरका एनीकट निर्माण कार्य हेतु 3 करोड़ 77 लाख 65 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना से निस्तारी भू-जल संवर्धन के साथ ही 40 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ एवं 30 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी कुल 70 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों द्वारा स्वयं के साधन से सिंचाई प्रस्तावित है। इसी तरह से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विकासखण्ड-सारंगढ़ अंतर्गत पुटका नहर की लाईनिंग कार्य हेतु 3 करोड़ 59 लाख 22 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण हो जाने पर रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 955 हेक्टेयर में 308 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

## दिवाली की रात यश प्रिंटर्स में लगी भीषण आग

- फलेक्स मशीने, कंप्यूटर्स, प्रिंटर्स, फनीचर्स सहित सवा तीन करोड़ का सामान जलकर नष्ट
- पांच घंटे तक धूं-धूं कर जलती रही तीन मंजिला बिल्डिंग
- निगम व जिंदल की दमकलें भी नहीं बचा पाई सामान




**रायगढ़,23 अक्टूबर।** दीपावली की रात शहर के चक्रधर बाल सदन रोड स्थित यश प्रिंटर्स और एव्हीएम कॉमर्सियल में भीषण आग लगी। आग की लपटे इतनी तेज थी कि पांच दमकलों की मदद से करीबब 5-6 घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। एक ही बिल्डिंग में दो सगे भाईयों के फर्म में आग से करीब 3 करोड़ 10 लाख का नुकसान होने की बात कही जा रही है। आग किन कारणों से लगी इसकी भी स्पष्ट जानकारी नहीं है। हालांकि शार्ट-सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

सोमवार की रात चक्रधर बाल सदन रोड स्थित यश प्रिंटर्स और एव्हीएमएम कामर्सियल में अचानक आग लगने की सूचना मिली। बताया जाता है कि दीपावली की दीपावली की रात एक ही बिल्डिंग में संचालित यश प्रिंटर्स और एव्हीएम कामर्सियल में आग लगने की सूचना फर्म कके प्रोपराईटर्स को मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने दी।

फोन पर मिली सूचना से यश प्रिंटर्स के संचालक जितेंद्र चोपड़ा और एव्हीएम कामर्सियल के संचालक एस चोपड़ा दोनों मौके पर पहुंचे। जहां से नगर निगम और जिंदल कंपनी के फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी गई।

## तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी की मौत के मामले में 3 लोग गिरफ्तार

**रायगढ़, 23 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत रायगढ़ वनमंडल के तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी की मौत के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वन मंत्री और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक) के वन्य अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति और सख्त निर्देशों के तहत की गई है। मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) बिलासपुर श्री मनोज पांडे और वनमंडलाधिकारी रायगढ़ श्री अरविंद पीएम के मार्गदर्शन में टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया।

कार्यवाही का नेतृत्व उपवनमंडलाधिकारी घरघोड़ा मनमोहन मिश्रा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री विक्रांत कुमार द्वारा किया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 और 51 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विधिक प्रक्रिया अपनाई गई। गिरफ्तार आरोपियों में केराखोल निवासी बसंत राठिया एवं वीर सिंह मांझी तथा औराईमुड़ा निवासी रामनाथ राठिया शामिल है। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय, घरघोड़ा में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। वन विभाग द्वारा मामले की जांच अभी जारी है और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में सहयोग करें। यदि किसी को वन्यजीवों के शिकार या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी हो, तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

## ओपी चौधरी ने किया गजमार पहाड़ स्थित हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण

**रायगढ़, 23 अक्टूबर।** रायगढ़ के गजमार पहाड़ स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में जारी सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों का प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं डीएफओ रायगढ़ श्री अरविंद पी.एम.उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शासन की योजनाओं का केवल निर्माण तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन ही असली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनसामान्य को वास्तविक लाभ पहुंचाना है और इसके लिए योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर परिसर में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यों से न केवल धार्मिक पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के एक नए केंद्र के रूप में भी विकसित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गजमार पहाड़ी रायगढ़ की शान है। यह स्थल शहर के बीच इतनी ऊँचाई और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ बहुत कम जगहों पर देखने को मिलता है।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी की पहल पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक और





आस्था का केंद्र गजमार पहाड़ी स्थित हनुमान धाम अब आधुनिक स्वरूप में इको पार्क और इको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित होगा। बीते दिवस वित्त मंत्री श्री चौधरी ने 08 करोड़ रुपए की लागत से यहां होने वाले विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया था। गजमार पहाड़ी मंदिर विकास योजना की जानकारी देते हुए डीएफओ श्री अरविंद पीएम ने कहा कि विभागीय मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित योजना के तहत पहाड़ मंदिर को नया स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां श्रद्धालु एवं पर्यटक आसानी से ऊपर तक पहुंच सकें, इसके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। जिसके तहत स्वीकृत सीढ़ियों का विकास कार्य, अवेयरनेस एक्टिविटी के लिए ओपन प्लेटफार्म का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही वाच टॉवर, चिल्ड्रन एक्टिविटी एरिया, कैन्टीन, पैगोड़ा, पब्लिक वाशरुम, वाश एरिया निर्माण, यूटिलिटी एरिया, पार्किंग एवं प्रवेश स्थल का विकास कार्य, पाथ-वे निर्माण एवं प्रवेश द्वार निर्माण कार्य हो रहा है। इन सभी सुविधाओं के विकसित हो जाने पर गजमार पहाड़ी न केवल धार्मिक स्थल के रूप में, बल्कि पर्यटन और स्वास्थ्य गतिविधियों के दृष्टिकोण से भी एक आकर्षक गंतव्य बन जाएगा। मौके पर वन परिक्षेत्राधिकारी रायगढ़ श्री हेमलाल जायसवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैठक में कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारियों की समीक्षा की

**अम्बिकापुर 23 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने बुधवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में आगामी 01 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले में आयोजित किए जाने वाले 02 से 04 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव के तैयारियों पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जिन्हें दायित्व सौंपे गए हैं, वे समय सीमा में सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर ने स्टॉल निर्माण, मंच निर्माण, साज-सज्जा, लाईट, साउंड सिस्टम, पेयजल, चलित शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा गरिमामयी आयोजन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु 15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाले धान खरीदी के सम्बन्ध में कलेक्टर श्री भोसकर ने कहा कि खरीदी शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं, खरीदी केंद्रों में किसानों हेतु सभी व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि धान खरीदी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही ना हो। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई, उन्होंने सर्व जनपद पंचायत सीईओ को जल्द से जल्द निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कराए जाने निर्देशित किया। इस दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, श्री राम सिंह ठाकुर, सभी एसडीएम एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक दीप भगवान विष्णु के नाम से जलाकर स्कूलों में मनाया दीपोत्सव



**बलरामपुर, 23 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप एवं शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम. आर. यादव के नेतृत्व में दीपोत्सव का पर्व जिले के शासकीय विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिले के 1355 प्राथमिक विद्यालय, 545 माध्यमिक विद्यालय तथा 168 उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में दीपोत्सव के अवसर पर शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों को आकर्षक रूप से सजाया। विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई, दीपों की श्रृंखला से वातावरण को आलोकित किया गया तथा एक दीप भगवान विष्णु के नाम जलाकर विद्यालयों में प्रकाश पर्व का उत्सव मनाया गया।शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव के द्वारा संदेश दिया गया है कि विद्यालय वास्तव में देवालय के समान है, जहाँ से विद्यार्थियों के जीवन का सृजन और दिशा तय होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही वह पुजारी हैं जो ज्ञानरूपी दीप से विद्यार्थियों के जीवन में उजाला फैलाते हैं। शिक्षा मंत्री के इस प्रेरणादायी संदेश से जिले के शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। शिक्षकों ने अपने घरों से पहले विद्यालय पहुंच कर विद्यालय को दीपमालाओं और रंगोलियों से सजाया, एक दीप भगवान विष्णु के नाम प्रज्वलित किया और विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान रूपी ज्योति जलाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात शिक्षकगण ने अपने-अपने परिवारों के साथ घरों में दीपावली का पर्व मनाया।इस अवसर पर जिले के समस्त शिक्षकों ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को दीपोत्सव से पूर्व वेतन प्रदाय करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि दीपोत्सव पर्व में दीपों की रौशनी ने विद्यालयों को आलोकित करने के साथ ही शिक्षकों में भी ज्ञान, सेवा और संकल्प की नई ज्योति प्रज्वलित किया है।

## नियम तोड़ने वाले निजी चिकित्सा संस्थानों पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**जगदलपुर, 23 अक्टूबर।** बस्तर जिला प्रशासन ने निजी चिकित्सा संस्थानों में अनियमितताओं के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज कर दिया है। कलेक्टर श्री हरीश एस. के स्पष्ट निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के नेतृत्व में नर्सिंग होम एक्ट 2013 और छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिनियम 2010 के तहत गठित विशेष निरीक्षण दल ने जगदलपुर शहर के विभिन्न निजी क्लीनिकों और डायग्नोस्टिक लैबों पर छापेमारी की। इस दौरान कई संस्थानों में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद कठोर कार्रवाई की गई।निरीक्षण दल ने पाया कि कुछ चिकित्सा संस्थान बिना वैध पंजीकरण और निर्धारित मानकों के संचालित हो रहे थे, जो मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। निरीक्षण के आधार पर कुम्हारपारा में



संचालित डॉ. मोहनराव क्लीनिक में अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर क्लीनिक को तत्काल सील कर दिया गया और 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही बालाजी डायग्नोस्टिक लैब द्वारा पूर्व में लगाए गए 20 हजार रुपए के जुर्माने का भुगतान न करने के कारण लैब को सील करने की कार्रवाई की गई। लालबाग में संचालित शिव शक्ति मेडिकल स्टोर के साथ संचालित क्लीनिक में छत्तीसगढ़ चिकित्सा अधिनियम 2013 का पालन न करने पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने कहा, ÷यह कार्रवाई जिले के सभी निजी चिकित्सा संस्थानों के लिए एक सख्त संदेश है कि नियमों का पालन अनिवार्य है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य बस्तर की जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की औचक निरीक्षण और कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। हमारी प्राथमिकता स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नियम तोड़ने वाले संस्थानों के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां भविष्य में भी बिना किसी रियायत के जारी रहेंगी।इस अवसर पर जिला प्रशासन ने बस्तर के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे उपचार के लिए केवल पंजीकृत और अधिकृत चिकित्सा संस्थानों का ही चयन करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि गैर-पंजीकृत या अनधिकृत संस्थानों में उपचार कराने से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है। नागरिकों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी अनियमितता की सूचना प्रशासन को दें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों का पक्के घर का सपना हो रहा है साकार

**बलरामपुर, 23 अक्टूबर ।** जिले के टाटीझरिया गांव में रहने वाले श्री मनोज का वर्षों पुराना सपना अब हकीकत बन चुका है। मिट्टी और खप्पर से बने जर्जर मकान में जीवन गुजारने वाले श्री मनोज अब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने पक्के घर में सुकून के साथ जीवन बिता रहे हैं।

कुसमी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटीझरिया के हितग्राही श्री मनोज ने बताया कि उनका पुराना घर बेहद जर्जर स्थिति में था। बारिश उनके लिए मुसीबत लेकर आती थी। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे कभी यह कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि उनका अपना पक्का मकान भी होगा। गांव में शासन से मिली जानकारी के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन किया।



कुछ ही समय में उनका आवेदन स्वीकृत हुआ और बैंक खाते में पहली किश्त की राशि आते ही उन्होंने आवास निर्माण कार्य शुरू कर दिया। अब उनका पक्का घर पूरी तरह बनकर तैयार है। मनोज भावुक होकर कहते है कि मेरा सपनो का घर मिल चुका है और मैं बेहद खश हु। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से हजारों गरीब परिवारों की जिंदगी संवर रही है।गौरतलब है कि मनोज जैसे हजारों परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक नई सुबह बनकर आई है जहां मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार योजना से लाभान्वित करने के लिए सतत प्रयासरत है। सरकार की योजनाएं जरूरतमंदों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रही है।

### इंद्रावती नदी के महादेवघाट में एक युवक का शव बरामद

**जगदलपुर।** निगम क्षेत्र अंतर्गत महादेव घाट क्षेत्र में इंद्रावती नदी के बीचों-बीच एक युवक का शव देखा गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालवाकर पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवाया गया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

कोतवाली थाना प्रभारी भोला सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह इंद्रावती नदी के महादेवघाट में कुछ युवक नहा रहे थे, तभी उन्होंने पानी में एक शव को बहते हुए देखा। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार, शव करीब दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और उसमें सडऩ व बदबू आने लगी थी। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष का अनुमान है। शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। शव को मेकॉज अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस (पीएम घर) में रखवाया गया है। पुलिस ने युवक की फोटो आस-पास के थाना क्षेत्रों में भेजी है, ताकि परिजनों की तलाश की जा सके। फिलहाल मामले में मर्ग दर्ज कर जांच जारी है।

## एक नजर

### विद्युत समस्या निवारण शिविर नगर भवन में 24 अक्टूबर को

**बलौदाबाजार, 23 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी एवं विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर का आयोजन 24 अक्टूबर 2025 को बलौदाबाजार स्थित नगर भवन में किया जाएगा। शिविर में उपभोक्ताओं का विद्युत बिल की शिकायत, विद्युत की मांग एवं विद्युत सम्बधित अन्य समस्याओं तथा मांगो का समाधान किया जाएगा।साथ ही नये कनेक्शन हेतु आवेदनों पर मौके पर ही कार्यवाही किया जाएगा। शिविर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही इच्छुक हितग्राही से ऑनलाइन फॉर्म भरवाए जाएंगे। कार्यपालन अभियंता ए के ठाकुर ने बताया कि प्रतिदिन 100 यूनिट बिजली खपत हेतु 1किलोवाट का सोलर पेनल लगाने के लिए लगभग 70 से 90 हजार खर्च आता हैं।प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 30 हजार रुपये केन्द्र सरकार एवं 15 हजार रुपये राज्य सरकार द्वारा कुल 45 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती हैं।सब्सिडी उपरांत लागत 25 हजार से 45 हजार आता हैं। इसीतरह 2 किलोवाट पैनल के लिए सब्सिडी राशि क्रमशः 60 हजार एवं 30 हजार रुपये। 3 किलोवाट एवं उससे अधिक के लिए सब्सिडी राशिकेन्द्र सरकार द्वारा 78 हजार एवं राज्य सरकार द्वारा 30 हजार कुल सब्सिडी राशि एक लाख 8 हजार रुपये।

### श्रेष्ठ योजना अंतर्गत प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर तक

**बलौदाबाजार, 23 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी अनुसूचित जाति (एससी) के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्कीम फॉर रेजीड़ेंशल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट्स इन टारगेट एरिया(श्रेष्ट)योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम निजी आवासीय विद्यालयों का चयन इन मानदंडों के आधार पर किया जाता है।वर्ष 2026-27 के लिए एनईटीएस का आयोजन संभवतः दिसंबर 2025 में किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं 30 अक्टूबर, 2025 तक ह्ज्ञ की वेबसाइट httpsÑ//e&ams.nta.nic.in/shresh-ta/httpsÑ//www.nta.ac.in/ के माध्यम से कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (NETS) के माध्यम से कक्षा 9 और 11 में प्रवेश के लिए 3000 नए विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा 12 तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आवंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। विद्यार्थियों को कोई शुल्क या अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होता है।

### राज्योत्सव आयोजन के संबंध में बैठक 24 अक्टूबर को

**कोरबा 23 अक्टूबर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में राज्योत्सव 2025 का तीन दिवसीय आयोजन 02 नवंबर से 4 नवंबर तक ओपन ऑडिटोरियम घंटाघर चैक कोरबा में किया जायेगा। राज्योत्सव आयोजन के तैयारी के संबंध में 24 अक्टूबर को सायं 04 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष कोरबा में बैठक आयोजित की गई है।

### मेगा कैंप का आयोजन 24 को

**कोरबा 23 अक्टूबर।** वित्तीय सेवा विभाग (वित्त मंत्रालय) भारत सरकार द्वारा सभी बैंकों, बीमा कंपनी, एसबीआई लाइफ म्यूच्यूअल फण्ड को 10 वर्ष पुराने या निष्क्रिय खातों, बीमा के दावे, एसबीआई लाइफ के दावे, म्यूच्यूअल फण्ड के दावे पर दावेदारों, उत्तराधिकारी या उनके नामित व्यक्ति को पहचान कर खाते की राशि उनके दावेदारों को भुगतान किये जाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में 24 अक्टूबर को घंटाघर से बुधवारी के बीच सियान सदन भवन में मेगा कैंप का आयोजन किया गया है।

इस षिविर में जनसामान्य लोगों, वित्तीय संस्थान के एवं शासकीय खातों के लिए 10 वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय खाते, बीमा दावा, एसबीआई लाइफबीमा के दावे, म्यूज्यूअल फण्ड दावे स्वीकार किये जायेंगे। संबंधित व्यक्ति एवं शासकीय संस्थाओं से उक्त मेंगा कैप का लाभ उठाने की अपील की गई है।

---

धूल, धुआं के प्रदूषण के अलावा शिक्षण संस्थाओं के विकास की मांग

# जिला खनिज न्यास संस्थान से तिल्दा नेवरा का हो विकास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 23 अक्टूबर।** नगर में चारों ओर बड़े बड़े ख्याति प्राप्त उद्योगों से तिल्दा नेवरा में एक ओर प्रदूषण बढ़ रहा है तो दूसरी ओर कोयला परिवहन के चलते पूरा नगर विकास की राह देख रहा है। जिला खनिज न्याय संस्था द्वारा शहरी क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है

जबकि तिल्दा सिमगा बलौदा बाजार आरंग धरसीवां के अलावा तिल्दा नेवरा बरतो री औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों से नगर पालिका क्षेत्र को किसी तरह का विकास के लिए फंड आवंटित नहीं होता।

जबकि इन सभी ब्लॉक के उद्योगों में कार्य करने वाले हजारों की संख्या में मजदूर तिल्दा नेवरा में किराया के मकानों में निवास के अलावा नगर की प्रमुख सड़को पर बड़े बड़े वाहन निरंतर आना जाना कर रहे है। तिल्दा स्टेशन में कोयले की रैंक के अलावा स्वास्थ्य सुविधा भी तिल्दा नेवरा में उपलब्ध होती है।

इस वक्त तिल्दा नेवरा की आबादी से अतिरिक्त 20हजार श्रमिक यहां निवास कर रहे है जो नगर की जनता को लाभ कम नुकसान अधिक मिल रहा है नगर के हाट बाजार सहित अन्य श्रेत्र में बढ़ती आबादी से हर कोई परेशान है।

### खामोश नेता कांग्रेस ओर बीजेपी के

नगर के विकास में अरबों रुपए खर्च जरूर हुए बड़े बड़े भवन खंडर बन गए बस स्टैंड हो या अटल आवास सब वीरान है करोड़ों रुपयों के सामुदायिक भवन सार्वजनिक बने है नगर में कुल चार भवन है इनकी हालत पतली है। नगर भवन सार्वजनिक है नगर पालिका इन भवनों में रखरखाव ठीक से नहीं कर पा रही है सभी भवन में मरमत ओर साफ सफाई का अभाव है इसका मुख्य कारण देख रख का अभाव है। जगह जगह सामुदायिक भवन बनाए जा रहे है जबकि जरूरत इनके रख रखाव पर ध्यान देने की है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि यहां जनप्रतिनिधियों ने इन भवनों पर जनता के साथ मिलकर काम करने को जरूरत है। सड़को की जर्जर हालत के लिए छोटी मोटी राशि के कारण इस वक्त मरमत का अभाव बना है और तिल्दा नेवरा औद्योगिक नगर बन चुका है विकास की आवश्यकता पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

---

कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर बिजली योजना की जिले में प्रगति की समीक्षा की

# लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रगति पर की नाराजगी व्यक्त, ईई को नोटिस जारी करने के निर्देश

- आमजनों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 23 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति के सबंध में सीएसपीड़ीसीएल एवं मुख्य नगरपलिका अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कम आवेदन एवं सोलर पैनल स्टालेशन पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और बलौदाबाजार, भटापारा एवं कसडोल के कार्यपालन अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने विभागीय अमले सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों के साथ चर्चा कर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दें। इसके साथ ही जिन शासकीय अधिकारी - कर्मचारियों के निजी आवास है उन्हें योजना का लाभ लेने प्रोत्साहित करें। उन्होंने तीनों डिवीजन के कार्यपालन अभियंताओं को निर्देशित किया कि अगले 10 दिन में व्यापक प्रचार -प्रसार कर प्रगति लाएं तथा सभी नगरीय निकाय में वेंडरो की सूची उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही वेंडरो के कार्य पर कड़ी निगरानी रखें। लापरवाही करने पर कार्यवाही भी करें।

बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिले को वर्ष 2024 -25 एवं 2025-26 हेतु 12000 का लक्ष्य मिला है जिसके विरुद्ध अब तक कुल 1782 आवेदन प्राप्त हुए हैं एवं 397 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।इसमें विद्युत संभाग बलौदाबाजार के लिए 4081,भाटापारा के लिए 4415 एवं कसडोल के लिए 3504 हितग्राहियो का लक्ष्य निर्धारित है।योजना के तहत उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा एक किलोवाट सोलर सिस्टम पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार तथा तीन किलोवाट से दस किलोवाट तक के संयंत्र पर अधिकतम 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन ने भी उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 30 हजार रुपए की सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। इस प्रकार तीन किलोवाट तक के संयंत्र पर केंद्र की 78 हजार और राज्य की 30 हजार रुपए की दोहरी सब्सिडी उपलब्ध है। योजना को और सुगम बनाने के लिए 20 से अधिक बैंक और वित्तीय संस्थान छह से सात प्रतिशत की ब्याज दर पर सोलर लोन भी उपलब्ध करा रहे हैं, जिसके अंतर्गत परियोजना लागत का 90 प्रतिशत तक वित्तपोषण संभव है।

---

## समाचार संक्षेप

### जोगी कुआँ धाम बैकुंठ में एक दिवसीय सतनाम सत्संग 24 को



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 23 अक्टूबर।** धर्मगुरुबालकदास सतनाम सेवा समिति जोगी कुआँ धाम बैकुंठ-बहेसर, एवं सतनाम सत्संग समिति नागपुर महाराष्ट्र के संयुक्त तत्वाधान मे एक दिवसीय संत समागम सतनाम सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं 24 अक्टूबर 2025 कों जोगी कुआँ धाम मंदिर परिसर प्रांगण मे, जिसमे तिल्दा नेवरा परिक्षेत्र के सतनामी समाज के भंडारी, साटीदार, समाज प्रमुख, साधु, संत, मंहत, राजमहंत, महिला पुरुष अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होंगे, संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के बताये अनमोल सार संदेश व अमृत वाणी कों मानव समाज कों उसके बताये रास्ते पर चलकर अपने जीवन के दुःख व परेशनीयों कों दूर करने के लिये बाबाजी के बताये रास्ते पर चलने की अपील करना! यह जानकारी समिति के अध्यक्ष दिनेश गायकवाड ( अधिवक्ता) भाजपा तिल्दा ग्रामीण महामंत्री ने बताया है!

---

# कर्ज से परेशान किसान ने जहर खाकर दे दी जान

**कोरबा 23 अक्टूबर।** जिले में कर्ज से परेशान एक किसान ने जहर खाकर जान दे दी। खमरिया के रहने वाले राजकुमार (50 साल) आवास योजना के तहत घर बनवाया था, लेकिन पर्याप्त राशि न होने के कारण उधार पैसे लिए थे। कर्ज से परेशान उसने 22 अक्टूबर को कीटनाशक खा लिया।

मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र का है। परिजन राजकुमार को अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसका पति पिछले कई दिनों से परेशान चल रहा था, उसने शराब पीना भी शुरू कर दिया था।

बताया जा रहा है कि राजकुमार बुधवार (22 अक्टूबर) सुबह नशे की हालत में घर लौटा था। खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। उसकी पत्नी और दो बच्चे अपने-अपने काम पर चले गए थे। जब उसकी पत्नी खेत से काम कर घर लौटी, तो उसने राजकुमार को खाट पर पड़ा और उल्टी करते देखा। पास में खेत में छिड़काव करने वाले कीटनाशक की शीशी पड़ी हुई थी। उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी बाजार ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची के लेजर प्रिंटर से मुद्रण के लिए निविदा 17 नवंबर तक आमंत्रित

**कोरबा 23 अक्टूबर।** कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20-रामपुर, 21-कोरबा, 22-कटघोरा एवं 23-पालीतानाखार के कुल 1211 मतदान केन्द्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के मूल प्रतियों एवं पूरक सूचियों का मुद्रण (लेजर प्रिंटिंग) का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार छ0ग0 भंडार क्रय नियम 2002 के नियम 4.3.3 में निहित प्रावधान अनुसार खुली निविदाएं 17 नवंबर 2025 को दोपहर 03 बजे तक सीलबंद निविदा कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन शाखा) कोरबा में आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में 17 नवंबर को दोपहर 02 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र जिला कोरबा के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन से भी डाउन लोड कर प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रकार से प्राप्त निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय रूपये 500 (पांच सौ) निविदा शुल्क का चालान की मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा शुल्क के अभाव में निविदा अमान्य किया जायेगा।

---

# राष्ट्रीय राजमार्ग-149 बी पर सिर्फ टोल टैक्स वसूली से सरोकार

- मड़वारानी मंदिर से लगे गुणवत्ताहीन सर्विस रोड के जानलेवा गड्ढे से हादसे की बनी हुई है आशंका
- बरसात के बाद भी मरम्मत की नहीं ली जा रही सुध, प्रशासन बना मूकदर्शक,अंडर ब्रिज पर अवैध कब्जा, बना अस्थाई टैक्सी स्टैंड

**कोरबा 23 अक्टूबर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 149 बी कोरबा - चाम्पा में एनएचएआई प्रबंधन की उदासीनता ,ठेकेदार की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही। मड़वारानी मंदिर से लगे सर्विस रोड तकनीकी मानकों गुणवत्ता की अनदेखी से जानलेवा बन चुकी है।अधुरे सड़क ,सर्विस रोड के साथ टोल प्लॉजा के जरिए टोल वसूली में मस्त एनएचएआई के जिम्मेदार अफसरों, ठेकेदार की मनमानी की वजह से जर्जर सर्विस रोड गंभीर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। वहीं प्रशासन की मूकदर्शक वाली भूमिका आस्था के साथ मंदिर पहुंचने वाले लोगों के मन में शासन प्रशासन के प्रति अविश्वास की भावना उत्पन्न कर रही है।

यहाँ बताना होगा कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 149 बी कोरबा - चाम्पा मार्ग के स्वीकृति से लेकर तैयार होने में जिस तरह का लंबा इंतजार ,कष्ट मड़वारानी ,बरपाली वासियों को सहन करने पड़े हैं शायद ही किसी प्रोजेक्ट में देखने को मिले। लेकिन देर सबेर जब उरगा से सरायपाली तक फोरलेन तैयार हुई है। तो उसमें भी आधी अधूरी सर्विस रोड के बीच 2 माह पूर्व ही पचपेड़ी में टोल प्लॉजा शुरू कर टोल वसूली शुरू कर दी गई है।छभ्।प् के इस मनमानी के खिलाफ विरोध के स्वर भी फूटे थे,लेकिन वो भी कुछ समय बाद ठंडे पड़ गए,और मार्ग में टोल वसूली की जा रही है। जबकी बरपाली में एवं मड़वारानी में पूरी तरह डामरीकृत सर्विस रोड तैयार नहीं किया जा सका है। बरपाली में अंडर ब्रिज से आगे का हिस्सा राइस मिल के कोर्ट प्रकरण की वजह से अटका है तो उसी लाइन के शेष अविवादित हिस्से में भी छभ्।प् के फर्म ने सर्विस रोड का पक्कीकरण नहीं किया।

बात करें मड़वारानी की तो यहाँ सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मड़वारानी मंदिर से लगे सर्विस रोड के निर्माण में इस कदर गुणवत्ता की अनदेखी कर ठेकेदार ने खानापूर्ति की थी कि पहली ही बरसात में ही सर्विस रोड की धज्जियाँ उड़ गई । बरसात भर मुसाफिरों, माँ मड़वारानी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों को जर्जर सर्विस रोड में हिचकोले खाने पड़े।

#### क्या कहता है नियम

- » सर्विस रोड या राजमार्ग की स्थिति खराब होने पर टोल नहीं वसूला जा सकता।अदालतों ने खराब सड़कों की स्थिति का हवाला देते हुए टोल वसूली पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।
- » अगर खराब सड़क के कारण कोई सेवा नहीं मिलती है, तो टोल भी नहीं लिया जा सकता है।
- » राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव का काम देख रहे ठेकेदारों को यह सुनिश्चित करना होता है कि सर्विस रोड सहित सभी सुविधाओं का उचित रखरखाव हो।
- » खराब स्थिति पाए जाने पर, एनएचएआई ठेकेदार पर कार्रवाई कर सकता है।

---

# दीपावली पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर की गई कार्रवाई

**शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों, लड़ाई, झगड़ा विवाद करने वाले लोगों पर किया गया जुर्म दर्ज**



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के निर्देशन में दीपावली पर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंध हेतु जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। कार्यवाही के इसी क्रम में आज दिनांक 22.10.2025 को विभिन्न थाना पलारी, लवन, भाटापारा शहर एवं गिधपुरी की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम/वार्ड/नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आवश्यक सुरक्षा हेतु असामाजिक तत्वों, लड़ाई झगड़ा वाद-विवाद करने वाले, शराब पीकर हुडदंग मचाने वाले लोगों सहित शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170,126,135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए कुल 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

### धारा 170,126,135 बीएनएसएस में गिरफ्तार व्यक्ति

1. चंद्रशेखर सोनवानी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम तेलासी थाना गिधपुरी
2. रवि बेलदार निवासी ग्राम तेलासी थाना गिधपुरी
3. करण मारकंडे पिता सोहन मारकंडे उम्र 18 वर्ष ग्राम सिंघोड़ा
4. सूरज मारकंडे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सिंघोड़ा
5. आर्यन साहू उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 रोहांसी थाना पलारी
6. शेखर ध्रुव पिता उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 रोहांसी थाना पलारी
7. लीलाधर पैकरा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कानाकोट थाना पलारी
8. डोमन धीवर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बिनोरी थाना पलारी
9. तुषार निषाद उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी
10. तुकाराम निषाद निषाद उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी
11. गुलशन निषाद उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी
12. दिलीप साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मुड़पार संडी थाना पलारी
13. कौशल यादव उम्र 28 वर्ष निवासी गांव सिसदेवरी थाना पलारी
14. दुर्गेश यादव उम्र 40 वर्ष निवासी गांव सिसदेवरी थाना पलारी
15. अजय मारकंडे उम्र 20 वर्ष निवासी सिंघोड़ा
16. हेमंत मारकंडे उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिंघोरा
17. मोहन टंडन उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम सकरी थाना पलारी
18. प्रदीप कुमार पैकरा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मुडियाडीह थाना सिटी कोतवाली
19. धनेश्वर पैकरा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम मुडियाडीह थाना सिटी कोतवाली
20. कौशल कुमार ध्रुव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मुडियाडीह थाना सिटी कोतवाली
21. साधराम पैकरा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मुडियाडीह थाना सिटी कोतवाली
22. सनी कुमार पैकरा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मुडियाडीह थाना सिटी कोतवाली
23. कोमल पैकरा 21 वर्ष निवासी ग्राम बेमेतरा थाना सिटी कोतवाली
24. उत्तम साहू उम्र 26 साल निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
25. रामप्रसाद वर्मा उम्र 27 साल निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
26. अजय ध्रुव उम्र 28 साल निवासी गुरु नानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर

---

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों एवं एजेंसी संचालकों की ली बैठक

# जिले के 9080 हितग्राहियों को नवीन गैस कनेक्शन देने आवेदन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी

- पीएम उज्जवला योजना अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन के लिए एजेंसी में लिए जाएंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 23 अक्टूबर।** भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत नवीन उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदाय किये जाने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन हेतु गैस एजेंसियों के द्वारा हितग्राहियों से आवेदन लिए जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को खाद्य विभाग, वितरक कंपनी के प्रतिनिधि एवं गैस एजेंसी संचालकों की ऑनलाइन बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की। उन्होने जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य 9080 हितग्राहियों को नवीन गैस कनेक्शन प्रदाय करने हेतु शीघ्र प्रक्रिया शुरू करने जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि योजना के तहत जिन हितग्राहियों ने पहले आवेदन दिया है उनकी आवेदन का प्रोसेस पहले करें। उन्होंने सभी गैस एजेंसियो में पर्याप्त मात्रा में फॉर्म उपलब्ध कराने तथा समस्त प्रक्रिया में पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। शासन द्वारा निर्धारित पात्रता अनुसार हितग्राहियो को नवीन गैस कनेक्शन प्रदाय करें।उन्होंने कहा कि योजना के तहत नवीन गैस कनेक्शन हेतु जिला स्तरीय समिति गठित है जो जिले में क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग करेगी। फिल्ड में किसी प्रकार की समस्या हो तो समिति के सदस्यों या नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 अंतर्गत जिले को 9080 नवीन गैस कनेक्शन का लक्ष्य मिला हैं। इच्छुक उपभोक्ता अपने नजदीकी गैस एजेंसी में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता डिटेल्स, वंचितता घोषणा प्रमाण पत्र एवं तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र को संलग्न करते हुए आवेदन कर सकते है।

---


### शपथ पत्र

मैं खुशबू ठाकरे पिता निरंजन ठाकरे निवासी-8/1983 विकास नगर, गुढ़ियारी, रायपुर छ0ग0 की निवासी हूं।

मेरे आधार कार्ड एवं ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा नाम KHUSHBU THAKRE अंकित एवं उल्लेखित हैं तथा मेरे शैक्षणिक अंकसूची में मेरा नाम KHUSHABU THAKARE अंकित एवं उल्लेखित है।

मेरा दोनों ही नाम KHUSBHU THAKRE एवं KHUSHABU THAKRE मेरे स्वयं का नाम हैं तथा एक ही व्यक्ति का नाम है।

यह शपथ पत्र मेरे द्वारा मेरा दोनों ही नाम KHUSHBU THAKRE एवं KHUSHABU THAKARE मेरे स्वयं के नाम होने एवं मेरा पासपोर्ट मेरे आधार कार्ड एवं ड्राईविंग लाईसेंस के आधार पर जारी किये जाने के संबंध में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

खुशबू ठाकरे
शपथकर्ता



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर छत्तीसगढ़

### निविदा निरस्तीकरण सूचना

कार्य का नाम :- ग्राम तुता नवा रायपुर में दिनांक 01.11.2025 से 05.11 2025 तक आयोजित राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती एवं अलंकरण समारोह 2025 में पेजयल व्यवस्था हेतु स्टैण्ड पोस्ट, नाली निर्माण, जी.आई. स्पेशल्स, मजदूरी व्यय कार्य। (समूह कमांक 01) ग्राम तुता नवा रायपुर में दिनांक 31.10.2025 से 01.11.2025 तक आयोजित राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती एवं अलंकरण समारोह 2025 में पेजयल व्यवस्था हेतु पानी पाउच, पानी जार, पानी बॉटल, प्लास्टिक ड्रम, डिस्पोजल, वाहन 407/207, टी-शर्ट, कैप, परिवहन, मजदूरी व्यय, लोडिंग, अनलोडिंग एवं वितरण का कार्य। (समूह क्रमांक 02)

इस कार्यालय की निविदा क्रमांक 84/ नि.शा./ दिनांक 16.10.2025 के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा के प्रकाशन हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5364/ दिनांक 16.10.2025 के द्वारा संचालक, सूचना एवं प्रकाशन विभाग, जनसम्पर्क, रायपुर छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया गया जिसका Advertisement No. 252604277 के द्वारा आवक किया गया है।

अतः उक्त निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
रायपुर छत्तीसगढ़

जी-252604310/3

# आईपीएस डांगी ने डीजीपी को चिट्ठी लिखकर ब्लैकमेलिंग का लगाया आरोप

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** आईपीएस रतनलाल डांगी पर लगे यौन शोषण के आरोप के बीच एक नई जानकारी सामने आई है. पता चला है कि आईपीएस डांगी ने आरोप लगाने वाली सब इंस्पेक्टर की पत्नी के विरुद्ध डीजीपी अरुण देव गौतम को पूरे घटनाक्रम का 14 बिंदुओं में ब्यौरा उसकी शिकायत के पहले ही दे दिया था. इस चिट्ठी में उन्होंने महिला और इसमें शामिल अन्य अज्ञात लोगों पर ब्लैक मेलिंग, मानसिक प्रताड़ना, आपराधिक धमकी समेत कई आरोप लगाए हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आईपीएस रतनलाल डांगी ने डीजीपी को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि एक दिन वो (सब इंस्पेक्टर की पत्नी) मेरे कार्यालय में जहर की शीशी हाथ में लेकर पहुंची एवं मुझसे मेरे तीनों बेटों और माँ की कसम खिलवाई कि मैं अपनी पत्नी से कोई संबंध नहीं रखूँगा.

आईपीएस डांगी ने पत्र के जरिए बताया कि महिला की शर्तें रखी थीं कि मैं अपनी पत्नी के साथ न बैठूंगा, न बात करूंगा. उसे अपनी गाड़ी में कहीं नहीं ले जाऊँगा, न कोई खरीदारी कराऊँगा. यही नहीं उसे व्हाट्सएप्प पर ब्लॉक करूँगा, न कॉल करूँगा, न रिसीव करूँगा. उसके साथ कोई तस्वीर नहीं खिंचवाऊँगा और न ही जन्मदिन या सालगिरह मनाऊँगा. यहां तक अपनी पत्नी के मायके नहीं जाऊंगा. इसके अलावा अपनी पत्नी के कमरे में न सोकर रात 10 बजे के बाद घर की बालकनी में सोऊँगा और वहाँ से 8 घंटे की लाइव लोकेशन भेजूँगा इसके अलावा लाइट जलाकर वीडियो कॉल पर दिखाऊँगा कि वहाँ कोई और नहीं है. सुबह 5 बजे से वीडियो कॉल चालू रहेगा, जिसे केवल महिला ही काट सकेगी. परिवार के किसी भी सदस्य, यहाँ तक कि अपने बेटों से भी बिना उसकी अनुमति के बात नहीं करूँगा. आईपीएस रतनलाल डांगी ने डीजीपी को लिखी चिट्ठी में आगे लिखा है, 'महिला ने यह दबाव बनाया था कि घर एवं कार्यालय के वॉश रूम जाते समय, स्नान करते समय, वर्क आउट करते समय भी वीडिओ कॉल मोबाइल पर चालू रहना चाहिए जिससे यूरिन करते हुए, नहाते हुए दिखे, नहाकर तैयार होने के लिए 20 मिनट और खाना खाने के लिए 12-15 मिनट ही मिलेंगे.'

डांगी ने डीजीपी को भेजे चिट्ठी में लिखा है कि, 'आरोपी महिला ने इसी दबाव का फायदा उठाकर मेरे वॉश रूम में यूरिन करते समय के एवं बाथरूम के निजी पलों के स्क्रीन शॉट लेकर दिखाकर ब्लैकमेलिंग कर कहा कि यदि मैं उसके कहे अनुसार न चलूँगा तो ये फोटोग्राफ वायरल कर दूँगी। डीजीपी साहब को शिकायत कर दूँगी. इसके बाद उसने उन तस्वीरों और आपसी बातचीत के छेड़छाड़ किए हुए चैट के स्क्रीनशॉट्स का उपयोग कर मुझे ब्लैकमेल करना और धमकाना प्रारंभ कर दिया.' आईपीएस डांगी ने चिट्ठी में यह भी लिखा है कि, 'जब उसकी इस इन हरकतों का विरोध किया और उसके पति को सब कुछ बता देने की चेतावनी दी, तो उसने मुझ पर दबाव बनाने के लिए अपने हाथ को ब्लेड से काटकर उसकी तस्वीरें मुझे भेजीं. वह वीडियो कॉल पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या करने का नाटक करती थी, ताकि मैं डरकर उससे कोई भी संबंध तोड़ने की हिम्मत न कर सकूँ. वह मुझ पर अपने बच्चों और माँ की झूठी कसम खाने का दबाव बनाती थी, ताकि उसे मेरे ऊपर नियंत्रण बनाये रखने का यकीन हो सके. महिला ने यह भी धमकी दी थी कि मेरे कहने से आपने जिन-जिन लोगों की मदद किया था, उनसे मैंने रुपये वसूली किया था, जिससे मैंने अपना नया घर खरीदा, दो गाड़ियां लिया था, भविष्य में अपनी बच्ची की शादी के लिए गहने बनवाए, उन सबका झूठा रिकार्ड आपके नाम बनाकर फंसा दूँगी. जब मैंने बोला कि मुझे तो कभी बताए ही नहीं की तुमने वसूली जैसा काम भी किया था तो बोली यदि ऐसा न करती तो जिंदगी भर किराये के मकान में रहना पड़ता, मेरा घर कैसे बनता, गाड़ी, जेवर कैसे बनते, बच्चों की सालाना लाखों की स्कूल फीस, कोचिंग फीस एक सब इन्स्पेक्टर कहाँ से पटाता. आप मूर्ख बने यह तो आपकी गलती थी.'

आईपीएस डांगी ने लिखा है कि, 'वह जब भी मेरे कार्यालय चंदखुरी आती थी तो अपने साथ जहर की एक शीशी लेकर आती और उसे टेबल पर रखकर धमकी देती कि यदि मैंने उसकी कोई भी बात नहीं मानी, तो वह यहाँ ही जहर पीकर मुझे झूठे मामले में फँसा देगी और जेल भिजवा देगी. उसकी इन धमकियों एवं भय और आतंक के कारण मैं उसकी सभी अनुचित माँगें पूरी करने लगा. उसने मुझ पर दबाव डालकर मेरी पत्नी के साथ मेरा घूमना, योग करना और साथ में बाजार जाना पूरी तरह से बंद करवा दिया.'

आगे चिट्ठी में आईपीएस रतनलाल डांगी लिखते हैं, 'जब मेरी माँ एम्स में कैंसर का इलाज करवाने भर्ती थी तब भी दबाब डालती थी की मैं अपनी पत्नी को साथ में अपनी गाड़ी में नहीं ले जाऊँ. यदि ले गए तो अंजाम भुगतने तैयार रहे. यहाँ तक की सितंबर माह में मेरी बहन की आकस्मिक मृत्यु होने पर भी उसने धमकाया की यदि मैं अपनी पत्नी को राजस्थान से अपने साथ में लाया तो वो आत्महत्या करके मुझे जेल भिजवा देगी. साथ ही यह सब न मानने पर उसने वॉशरूम / बाथरूम की ली गई तस्वीरें, मेरे बेटों को, मेरी समधी मंत्री को तथा मेरी बहू को भेजकर मेरे बड़े बेटे का तलाक करवाने की धमकी भी दिया करती थी. महिला की इन धमकियों के कारण मैं इस वर्ष पुलिस मेस में आयोजित होली मिलन समारोह में आपके द्वारा आयोजित डिनर पार्टी में अपनी पत्नी को साथ भी नहीं ला पाया था. इन सब कारण से मैं विगत दो वर्षों से अपने ही घर में अपनी पत्नी और बच्चों से अजनबियों जैसा व्यवहार करने पर मजबूर था, जिससे मैं और मेरा पूरा परिवार गंभीर मानसिक अवसाद से गुजर रहे थे. यहां तक करवा चौथ के दिन उसने वीडियो कॉल पर जहर की शीशी दिखाकर मुझे धमकी दी कि यदि मैं छत पर अपनी पत्नी के साथ पूजा में शामिल हुआ तो वह आत्महत्या कर लेगी. उसके डर से मैं नहीं गया, जिस कारण मेरी पत्नी को गहरा आघात लगा.' डीजीपी से की गई अपनी शिकायत में रतनलाल डांगी ने यह भी लिखा है कि, 'जब मैंने उसकी अनुचित माँगें मानने से इनकार किया और अपना फोन फ्लाइट मोड पर डाल दिया, तो उसने मेरे बेटे को फोन कर धमकाया और मेरे चरित्र पर अनर्गल आरोप लगाए. उसी दौरान जब मैंने उसके पति से संपर्क करने का प्रयास किया, तो उसके फोन पर भी उसकी पत्नी की ही आवाज आ रही थी, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि इस षड्यंत्र में उसका पति भी बराबर का भागीदार है. इस तनाव के कारण मेरी पत्नी की तबीयत बिगड़ गई और हमें अस्पताल जाना पड़ा. इसी बीच आरोपी महिला मेरे घर पहुँची और कर्मचारियों के मना करने के बावजूद जबरन घर में घुस गई. उसने मेरे स्टाफ को कुछ अश्लील तस्वीरें दिखाकर मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास किया और जोर-जोर से चिल्लाकर हंगामा किया. बाद में पता चला कि उसने मेरे कई जान-पहचान वालों को भी फोन कर मेरे बारे में अपमानजनक बातें कहीं.' अतः में आईपीएस डांगी ने डीजीपी से निवेदन किया है कि इस पूरे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, आरोपी महिला तथा इस षड्यंत्र में शामिल अन्य सभी अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भयदोहन (ब्लैकमेलिंग), मानसिक प्रताड़ना, आपराधिक धमकी, जबरन घर में घुसना एवं मानहानि जैसी उचित धाराओं के अंतर्गत स्नढ्ढक्र दर्ज कर तत्काल कठोर कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें, ताकि मुझे और मेरे परिवार को इस मानसिक यंत्रणा से मुक्ति मिल सके और हमें न्याय प्राप्त हो. उन्होंने अपनी चिट्ठी में यह बताया है कि ' इस संबंध में मेरे पास साक्ष्य उपलब्ध न रहे इसलिए चैट के तत्काल डिलीट करके स्क्रीन शॉट न भेजने पर भी धमकी देती थी, इसलिए मेरे 13-10-25 के पहले के डिजिटल साक्ष्य (चैट, तस्वीरें, वीडियो कॉल रिकॉर्डिंग आदि) उपलब्ध नहीं हैं, जिन्हें आरोपी के मोबाइल की फोरेंसिक जांच से प्राप्त किया जा सकता है.'



### एसआई की पत्नी ने डांगी पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

बता दें कि 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी रतनलाल डांगी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है. एक सब इंस्पेक्टर की पत्नी ने इस मामले की शिकायत उच्च पदस्थ अधिकारियों से की है. आरोप है कि रतनलाल डांगी बीते सात सालों से पीड़िता का उत्पीड़न कर रहे हैं. इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिक स्तर पर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, हालांकि, अब तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है.

# हर्षोल्लास से मनाया गोवर्धन पूजा पर्व

## 200 से अधिक व्यंजन छत्तीसगढ़ी कलेवा का लगा भोग





**रायपुर, 23 अक्टूबर।** कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को प्रत्येक वर्ष की तरह गोवर्धन पूजा का महापर्व श्रद्धा भक्ति पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया?। गौ माताओं की पूजा की गई?? तथा गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर उसकी विधिवत पूजा अर्चना की गई?। ठाकुर जी मे 56 भोग लगाया गया , छत्तीसगढ़ को धान? का कटोरा कहा जाता है और धान? को अन्नपुर्णा, इसलिए इस वर्ष मठ के गर्भगृह को धान कि बालियों से सजाया गया है छत्तीसगढ़ मे पहली बार इस तरह सजाया गया है

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतू साव मठ व दुद्धाधारी मठ में गोवर्धन पूजा की गई, गौ माता को श्रृंगारित किया गया एवं विधि पूजा अर्चना की गई, फल एवं मिष्ठान का भोग लगाया गया। श्रद्धालु भक्तों ने गौमाता की गोबर से एक- दूसरे को तिलक लगाया और गौ वंश के वृद्धि की कामना की। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि- कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को प्रत्येक वर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व सभी सनातन धर्मावलंबियों में श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाता है?। श्रीमद् भागवत महापुराण में भगवान कृष्ण चंद्र जी द्वारा इंद्र के अहंकार को चूर-चूर करने के लिए इस पूजन का आयोजन बृजवासियों ने भगवान नारायण के अंसावतार भगवान कृष्ण चंद्र जी की अगुवाई में पूरा किया था। तब से यह पर्व हमारे पूर्वज परंपरागत रूप से मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर विशेष सुरक्षा उपस्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि- आज गोवर्धन पूजा के साथ-साथ अन्नकूट का भी त्यौहार है इसे हम सभी श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाते आ रहे हैं यह हमारी सनातन परंपरा का अंग है। ट्रस्ट कमेटी के सदस्य अजय तिवारी ने कहा कि - गोवर्धन पूजा देव पूजन के साथ -साथ प्रकृति पूजा का भी प्रतीक है। इसमें हम गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। जंगल,नदी, पहाड़ इन सभी को हमारे धर्म शास्त्रों में देवतुल्य माना गया है, यह प्रकृति संरक्षण का सर्वोत्तम उदाहरण है। कार्यक्रम में विशेष रूप से दाऊ महेंद्रा अग्रवाल, सुरेश शुक्ला, रमेश यदु, चंद्रकांत यदु ,जगन्नाथ अग्रवाल, पुजारी सुमित तिवारी जी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन के पूर्व राजधानी में सुरक्षा के चॉक चौबंद प्रबंध

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** राजधानी में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के प्रवास को देखते हुए सुरक्षा के चॉक चौबंद इंतजाम किये जा रहे है। राजधानी के शासकीय गेस्ट हाउस रेस्ट हाउस तथा सभी मुख्यालयों भवनों को आरक्षित कर दिया गया है। इसके चलते अब स्थानीय होटल में नो रूम की स्थिति बन गई है। वहीं आने जाने वालों तथा विभिन्न संदिग्ध स्थानों की जांच पड़ताल तेज कर दी गई है। राज्य में राज्योत्सव के अवसर पर मोदी एक नवंबर को विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रदेश में करीब 40 से अधिक आईएएस आईपीएस सहित डिप्टी कलेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। यह पहला अवसर है कि जब प्रधानमंत्री दो दिन से अधिक समय के लिए ठहरेंगे। यहां पर वे एक नवंबर को राज्योत्सव के अलावा प्रजापिता ब्रम्हकुमारी, आदिवासी संग्रहालय, सांई अस्पताल में बच्चों से मुलाकात करेंगे। इनका मुख्य कार्यक्रम छग की विधानसभा का उद्घाटन करना है। यह भवन आकर्षक ढंग से बनाया गया है जिसमें कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। यह भवन नया रायपुर अटल नगर में बनाया गया है। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए मुख्यमंत्री के अलावा मुख्य सचिव तथा लोकनिर्माण मंत्री निरंतर बैठकें ले रहे है। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी नई राजधानी में आयोजित राज्योत्सव स्थल का निरीक्षण किया है। मोदी के आगमन को देखते हुए नये रायपुर में भारी वाहनों का आवाजाही प्रतिबंधित रहेगा। विस में भी होने वाले कार्यक्रम में सभी विधायकों पूर्व विधायकों तथा अन्य लोगों को बुलाया जाएगा।

**रायपुर , 23 अक्टूबर।** आज नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र अंतर्गत सड्डू तालाब की छठ पूजा पूर्व की गयी विशेष सफाई के अभियान का प्रत्यक्ष अवलोकन नगर निगम जोन 9 जोन अध्यक्ष श्री गोपेश साहू ने छठ पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों, जोन 9 के सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया और अधिकारियों को छठ पूजा समिति पदाधिकारियों के साथ चर्चा और तालाब के निरीक्षण के पश्चात सड्डू तालाब की छठ पूजा पूर्व विशेष सफ़ाई के अभियान के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए.




## एक नजर

### राजधानी में छठ महापर्व 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ होगा प्रारंभ

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** छग में सूर्य को अर्ध्य देने और महापर्व का चारदिवसीय छठ पर्व 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ प्रारंभ होगा। महादेव घाट सहित अन्य कई तालाबों में इसकी तैयारी की जा रही है। महापर्व आयोजन समिति के अनुसार इस वर्ष 25 से 28 अक्टूबर तक भारत सहित छग में यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि से नहाय खाय से लेकर सप्तम तिथि तक छठ पर्व मनाया जाता है। इस दौरान भगवान भास्कर और छठी मैया की पूजा अर्चना की जाती है। छठ पूजा खासतौर पर संतान की पूजा और लंबी उम्र की कामना के लिए की जाती है। छठी मैया सूर्य देव की बहन है। इस अवसर पर सात्विक भोजन किया जाता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। राजधानी के महादेव घाट में साफ सफाई के अलावा आतिशबाजी की जाएगी। राजधानी के भनपुरी आमातालाब सहित अन्य तालाबों में कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति के अनुसार इस अवसर अंतरराष्ट्रीय लोक गायिका राम आएंगे। फेम स्वाति मिश्रा छग कलाकार तिलक राजा साहू और केसरी साहू कार्यक्रम देंगे। 27 अक्टूबर को महाआरती का आयोजन किया जाएगा। नवा रायपुर अटल नगर के सांझ तालाब में छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्ध्य देने का कार्यक्रम समापन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी राजेश सिंह तथा अन्य लोगों की सक्रिय भूमिका होगी।

### निधन

### भीखमचंद गोलछा

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** रिगालिया रेजेन्सी निवासी भीखमचंद गोलछा (जैन) का दिवाली (20 अक्टूबर) को लगभग 03:30 बजे उच्च स्तरीय संथारा के साथ निधन हो गया,अंतिमक्रिया उसी दिन शाम 5 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट पर संपन्न हुई।वह प्रदीप, दिलीप और अभिषेक के पिता और उत्तम चंद गोलछा के चाचा थे।वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### कांग्रेस जिलाध्यक्षों के ऐलान से पहले मचा घमासान

# मेनन ने सोशल मीडिया पर बयां किया अपना दर्द, कांग्रेस व भाजपा नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के नाम ऐलान से पहले घमासान मचा हुआ है. एक तरफ दावेदार सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जहां अपना दर्द बयां रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रवक्ता सफाई देते फिर रहे हैं. कांग्रेस के भीतर मचे इस घमासान को पार्टी की संस्कृति करार देते हुए भाजपा के नेता तंज कस रहे हैं.

रायपुर शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल श्रीकुमार मेनन ने सोशल मीडिया पर जारी की पोस्ट के जरिए अपना दर्द बयां करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में 'धोखा', 'गद्दार' और 'पीठ में छुरा' जैसे शब्दों का प्रयोग किया है. पोस्ट में लिखा कि किसी ने कहा कि आप इतना धोखा कैसे सह सकते हो. धोखा वो भी अपने लोगों से, तो मैंने कहा धोखा तो नमकहराम और गद्दार करते हैं. जिनको हमने सब कुछ दिया, वही हमारी पीठ में छुरा भोंकते हैं. मेनन से पहले कांग्रेस नेता शिव सिंह ठाकुर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी निराशा जाहिर की थी.

इस बीच कांग्रेस जिला अध्यक्ष चयन के पहले सोशल मीडिया पर दावेदारों की नाराजगी पर कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत पीड़ा है. कुछ लोगों ने अपना क्लेरिफिकेशन दे दिया है. पार्टी ने सभी को समान अवसर दिया.



उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से कोई बंधन नहीं लगाया गया. किसी व्यक्ति विशेष से किसी की अपेक्षा हो और वह पूरी ना हो तो वह पार्टी से लेना-देना नहीं है. यह उनकी व्यक्तिगत पीड़ा है, अंतर्कलह वाली कोई बात नहीं है. इसके साथ उन्होंने कहा कि भारत के किसी भी राजनीतिक दल ने इतना लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं अपनाया है.

वहीं श्रीकुमार मेनन के पोस्ट से मचे सियासी घमासान पर भाजपा नेता केदार गुप्ता ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का चाल, चरित्र, चेहरा ऐसा ही रहा है. कांग्रेस ने राजनीति को सत्ता का हथियाना समझा. राज्य की संपत्ति को अपने नाम करना, यह कांग्रेस के चरित्र में रहा है. कांग्रेस ने लूटपाट मचाई है. सत्ता में रहते धन लूटने की प्रवृत्ति ने इन्हें चाकू और तलवार पर ला दिया है. राजनीति करते हुए अच्छा भाव रहता तो कांग्रेस भी कहती सबका-साथ सबका विकास. यह चाकू और तलवार की बात क्यों करते हैं. जनता सब जान चुकी है.

# नक्सलियों की घर वापसी पर भाजपा के दावों को लेकर भूपेश ने दागे सवाल

**रायपुर, 23 अक्टूबर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सलवाद और नक्सलियों के आत्मसमर्पण को लेकर भाजपा की ओर से किए जा रहे दावों पर निशाना साधते हुए सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'जब रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब भी कहा था कि 6 महीने में नक्सलवाद खत्म कर देंगे। राज्य सरकार ने ऐसी कौन सी नीति अपनाई है जरा बताएं। यहां के नक्सली तेलंगाना और महाराष्ट्र में सरेंडर कर रहे हैं।



आपकी नीति अगर अच्छी है तो वहां जाकर आत्मसमर्पण क्यों करते हैं?'

**निर्वाचन आयोग ने अपनी पहचान'खो दी है:** दिल्ली रवाना होने से पहले एयरपोर्ट में संवाददाताओं से चर्चा में छत्तीसगढ़ में एसआईआर की तैयारी को लेकर भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है। उन्होंने कहा- 'निर्वाचन आयोग ने अपनी पहचान खो दिया है। एसआईआरके लिए राजनीतिक दलों के साथ बैठक करनी चाहिए। यह किसके लिए किया जा रहा है- लोकतंत्र या प्रजातंत्र? एक दल हो तो रूस और चीन जैसे हालात हो जाएंगे। ईसी केंद्र सरकार के अधीन एक विभाग हो चुका है।'
















कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्र. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26